Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# विश्व परिवार

● अंक : 94 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, बुधवार 25 सितंबर 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



अपने दुख के लिए रोना आर्तध्यान है, लेकिन दूसरों को देखकर रोना धर्म ध्यान है।
To weep for own grief is painful concetration but to weep on others grief is religious meaditation.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा 26 को छत्तीसगढ़ दौरे पर

**रायपुर (विसं)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा 26 सितंबर को छत्तीसगढ़ के दौरे पर आएंगे। छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान जेपी नड्डा सदस्यता अभियान को लेकर बड़ी बैठक लेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा संगठनात्मक बैठक लेंगे और सरकार के कामकाज की समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही वे भाजपा मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे में लगी स्मृति प्रतिमाओं का अनावरण करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ छत्तीसगढ़ प्रभारी नितिन नबीन भी राजधानी रायपुर आएंगे। यात्रा के दौरान संगठन को मजबूत करने और आगामी निकाय चुनाव तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### सामान्य सभा की बैठक में शामिल होंगे राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा

**रायपुर (विसं)।** जिला पंचायत की सामान्य सभा का आयोजन 27 सितंबर को किया जाएगा। इसमें राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा, सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक आंरग श्री गुरु खुशवंत साहेब, विधायक रायपुर ग्रामीण श्री मोती लाल साहू, विधायक अभनपुर श्री इंद्र कुमार साहू व विधायक धरसींवा श्री अनुज शर्मा शामिल होंगे। यह बैठक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रास सोसायटी के सभाकक्ष में आयोजित होगा।

## मुख्यमंत्री का बगिया में हुआ आत्मीय स्वागत



**जशपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बगिया हेलीपैड, विकासखंड कांसाबेल, जिला जशपुर पहुंचे। हेलीपैड पहुंचने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का स्थानीय जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल, पुलिस अधीक्षक श्री शशिमोहन सिंह, डीएफओ श्री जितेन्द्र उपाध्याय ने आत्मीय स्वागत किया।

## मुख्यमंत्री साय के निर्देश पर जल आवर्धन योजनाओं के लिए 132 करोड़ रुपए के प्रस्ताव को दी गई मंजूरी

**स्वीकृत राशि से होंगे जल संरचनाओं में सुधार के काम, जल की गुणवत्ता और वितरण व्यवस्था होगी बेहतर**

**जल संकट दूर होने के साथ ही लोगों का स्वास्थ्य और जीवन स्तर भी होगा बेहतर**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर वित्त विभाग द्वारा विभिन्न नगरीय निकायों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की जल आवर्धन योजनाओं के लिए 132 करोड़ रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री श्री साय की पहल पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा निर्मित की जाने वाली जल आवर्धन योजनाओं से नगरीय निकायों में जल आपूर्ति प्रणाली को सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि नागरिकों को नियमित रूप से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल आवर्धन हेतु प्रस्तावित योजनाओं पर वित्त विभाग ने बलौदाबाजार जिले के भटगांव के लिए 14 करोड़ 66 लाख रुपए, सारंगढ़ के लिए 47 करोड़ 46 लाख रुपए, जांजगीर-चांपा जिले के चांपा के लिए 17 करोड़ 86 लाख रुपए और सारागांव के लिए तीन करोड़ 61 लाख रुपए, कांकेर जिले के चारामा के लिए 19 करोड़ 75 लाख रुपए, कोरबा जिले के कटघोरा के लिए 24 करोड़ 63 लाख रुपए तथा बीजापुर के लिए चार करोड़ 35 लाख रुपए की स्वीकृति दी है।

जल आवर्धन योजनाओं से जलापूर्ति संरचना मजबूत होने से जल की गुणवत्ता और वितरण में सुधार होने के साथ ही जल संकट को कम करने में भी मदद मिलेगी। इसके साथ ही नागरिकों का स्वास्थ्य और जीवन स्तर भी बेहतर होगा। ये नई जल आवर्धन योजनाएं जल संसाधनों की उपलब्धता को सुनिश्चित करेंगी। साथ ही स्थानीय विकास और नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होंगी।

## पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

**सुकमा (आरएनएस)।** जिले के थाना चिंतलनार क्षेत्रान्तर्गत करकनगुड़ा के जंगल-पहाड़ी में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें डीआरजी, सीआरपीएफ व कोबरा के जवानों ने नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 2 नक्सलियों को मारे जाने की सूचना है।

मिली जानकारी के अनुसार गकरकनगुड़ा के जंगलों में नक्सलियों की बटालियन सप्लाई टीम और जगरगुंडा एरिया कमेटी की 30-40 नक्सलियो की उपस्थित सूचना सुरक्षा बलों को मिली थी। इस पर जिला बल, डीआरजी, बस्तर फाइटर और 206 वाहिनी कोबरा की संयुक्त टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया। इलाके में घेराबंदी की गई। इस दौरान नक्सलियों की तरफ से गोलीबारी शुरू हो गई। इधर सुरक्षाबलों की टीम ने भी जवाबी फायरिंग करते हुए नक्सलियों को जवाब दिया। मुठभेड़ में पुलिस पार्टी ने 2 नक्सलियों को ढेर कर दिया। मुठभेड़ के बाद घटना स्थल की सर्चिंग करने पर सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में नक्सलियों की डंप सामाग्रियों को बरामद किया है।

## पीएम श्री योजना में शामिल हुई छत्तीसगढ़ की और 78 शालाएं

**अब तक 341 शालाओं को मिल चुकी है स्वीकृति**





**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री का जताया आभार, कहा- पीएम श्री योजना छत्तीसगढ़ को शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाईयों पर ले जाएगी**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के 78 और स्कूलों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने के लिए पीएम श्री योजना में शामिल करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में 263 पीएमश्री स्कूल स्वीकृत किए गए थे, नई स्वीकृति मिलने से यह संख्या बढ़कर अब 341 हो गई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि यह हर्ष का विषय है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है और इस दिशा में लगातार नए फैसले ले रहे हैं। पीएम श्री योजना के माध्यम शैक्षणिक अधोसंरचना एवं शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास निश्चित रूप से विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पीएम श्री योजना में शामिल इन स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत उत्कृष्ट विज्ञान प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, व्यावसायिक लैब्स की व्यवस्था होगी, जो छत्तीसगढ़ को शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाईयों पर ले जाएगी। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान का भी आभार व्यक्त किया है।

गौरतलब है कि भारत सरकार द्वारा पीएम श्री योजना के अंतर्गत प्रथम चरण में 211 तथा तृतीय चरण में 52 और चौथे चरण में 78 शालाएं स्वीकृत की गई है। चौथे चरण में शामिल सभी 78 शालाएं कक्षा पहली से 12 वीं तक की हैं।

प्रथम चरण में पीएम श्री योजना के तहत स्वीकृत शालाओं को अपग्रेड किया जा चुका है, वहीं तृतीय चरण में स्वीकृत शालाओं को अपग्रेड किया जा रहा है। इन स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम, विज्ञान और गणित के लिए अत्याधुनिक लैब्स, खेल सुविधाएं, और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

## भविष्य में समुद्री खतरे बढ़ेंगे, हमें तैयार रहने की जरूरत : राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** वर्तमान भूराजनीतिक स्थिति को देखते हुए भविष्य में समुद्री खतरे बढ़ेंगे। हमें सतर्क और तैयार रहने की जरूरत है। मंगलवार को यह बात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कही। वह दिल्ली में आयोजित भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) कमांडरों के सम्मेलन में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि दुनिया तकनीकी क्रांति के दौर से गुजर रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम टेक्नोलॉजी और ड्रोन के इस युग में सुरक्षा के क्षेत्र में अहम बदलाव देखने को मिल रहे हैं। समुद्री सुरक्षा की जटिलताओं की पृष्ठभूमि में तटरक्षक कमांडरों का सम्मेलन रणनीतिक, परिचालन और प्रशासनिक मामलों पर चर्चा का एक महत्वपूर्ण मंच है। यहां तटरक्षक मुख्यालय में वरिष्ठ कमांडरों को संबोधित करते हुए, रक्षा मंत्री ने आईसीजी को भारत का अग्रणी रक्षक बताया, जो निरंतर निगरानी के माध्यम से देश की विशाल तटरेखा की सुरक्षा सुनिश्चित करता है, और आतंकवाद और हथियारों की तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों की रोकथाम करता है।

## रायपुर स्मार्ट सिटी का अंडर ग्राउंड केबलिंग प्रोजेक्ट पूरा

**सात प्रमुख मार्गों को तारों के जाल से मिली मुक्ति**



**सीएसपीडीसीएल के साथ मिलकर स्मार्ट सिटी ने पूरा किया प्रोजेक्ट**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** शहर के व्यस्ततम व घनी आबादी के क्षेत्रों को इलेक्ट्रिक के खुले तारों से निज़ात दिलाने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा संचालित अंडर ग्राउंड केबलिंग प्रोजेक्ट पूरा हो चुका है। सीएसपीडीसीएल के साथ मिलकर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 7 प्रमुख मार्गों से ओव्हर हेड तारों को हटाकर अंडर ग्राउंड केबलिंग का कार्य किया है।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक श्री अबिनाश मिश्रा के अनुसार घनी बस्तियों में ओव्हर हेड तारों का जाल एक बड़ी समस्या थी। इससे जहां बिजली चोरी की शिकायतें आम थी, वहीं इन तारों की वजह से दुर्घटनाओं की आशंका बनीं रहती थी। खुले तारों से शहर के मार्गों की सुंदरता भी प्रभावित होती थी। इसे देखते हुए रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने पुरानी बसाहट के क्षेत्रों को चिन्हित कर 7 मार्गों में बिजली के तारों को अंडर ग्राउंड करने का कार्य किया। सीएसपीडीसीएल के सहयोग से बूढ़ेश्वर मंदिर से पुरानी बस्ती, लाखे नगर से आमापारा, मालवीय रोड पर बिजली के तारों को भूमिगत किया गया है।

इसी तरह रायपुर स्मार्ट सिटी लि. द्वारा मालवीय रोड-ओ.सी.एम. चौक-दरगाह, मालवीय रोड-जयस्तंभ-फाफाडीह, कालीबाड़ी-बिजली ऑफिस चौक-नगर निगम मुख्यालय मार्ग में केबल अंडर ग्राउंड किए गए है।

उन्होंने बताया कि अंडर ग्राउंड केबलिंग कार्य के पूर्ण हो जाने से बिजली चोरी की शिकायतें दूर होंगी और ओव्हर हेड बिजली के तारों की वजह से होने वाली आकस्मिक दुर्घटनाओं को रोका जा सकेगा।

## रायपुर स्मार्ट सिटी के 24X7 जलापूर्ति कार्य योजना अंतिम चरण में

**अक्टूबर अंत से डेढ़ लाख आबादी को मिलेगा 24 घंटे पानी**

**स्मार्ट मीटर से होगी वाटर रीडिंग**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** शहरी घनी आबादी को 24 घंटे जलापूर्ति के लिए संचालित रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की परियोजना अब अंतिम चरण में है। स्मार्ट सिटी प्रबंधन ने इस परियोजना के तहत बिछाई गई पाइप लाइन की कमिशनिंग व टेस्टिंग का काम पूरा कर लिया है। अक्टूबर अंत तक रायपुर स्मार्ट सिटी के एबीडी एरिया के 27 हजार घरों तक 24 घंटे पानी की आपूर्ति होगी।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक श्री अबिनाश मिश्रा के अनुसार 24X7 जल आपूर्ति परियोजना की शुरूआत वर्ष 2022 में हुई थी और शुरूआती सर्वेक्षण में 25 हजार घरों को इसके लिए चिन्हित किया गया था। गहन सर्वेक्षण उपरांत अब 27 हजार घरों को इस प्रोजेक्ट से जोड़ा गया है। जलापूर्ति की रीडिंग के लिए ऑटोमेटिक मीटर रीडर उपयोग में लाए जाएंगे। प्रत्येक नल से 5 लीटर प्रति मिनट पानी की सप्लाई इस प्रोजेक्ट के तहत की जाएगी। प्रोजेक्ट की लागत 158 करोड़ निर्धारित थी, जिससे कम लागत पर इस प्रोजेक्ट को पूरा कर लिया गया है। अक्टूबर अंत तक इस प्रोजेक्ट का लाभ एबीडी एरिया के डेढ़ लाख आबादी को मिलना शुरू हो जाएगा। इस प्रोजेक्ट से जहां अवैध नल कनेक्शन पर अंकुश लगेगा, वहीं मितव्ययता के साथ घरों में 24 घंटे पानी की सुविधा सुलभ होगी।

## अखिल भारतीय वेटलिफ्टिंग क्लस्टर 2024-25 का उद्घाटन

**पुलिस के जवान अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक के साथ देश को गौरवान्वित करें : गृहमंत्री**




**रायपुर (विश्व परिवार)।** गृहमंत्री श्री विजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य में भिलाई में प्रथम अखिल भारतीय वेटलिफ्टिंग क्लस्टर 2024-25 का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद श्री विजय बघेल ने की। वही दुर्ग शहर विधायक श्री गजेंद्र यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में सम्मिलित हुए। प्रथम वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल भिलाई के मैदान में आयोजित उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि गृहमंत्री श्री विजय शर्मा ने प्रतियोगिता में शामिल अन्य प्रदेश के खिलाड़ियों का छत्तीसगढ़ की धरती में स्वागत अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पहली बार अखिल भारतीय प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। यह आयोजन मिनी इंडिया भिलाई में किया जा रहा है, यहां पर देश के सभी प्रांतो के लोग निवास करते हैं। उन्होंने कहा कि योगा, वेटलिफ्टिंग और पावर लिफ्टिंग एक ऐसी प्रतियोगिता है जिसमें पूरी मनोयोग की आवश्यकता होती है। खिलाड़ी के प्रतिभा के अनुसार खेल में हार-जीत बनी रहती है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि वे स्वयं के लिए नही अपितु दर्शकों के लिए खेलें।

## श्री रामलला दर्शन योजना : छत्तीसगढ़ के 850 श्रद्धालु अयोध्या के लिए रवाना

**राजस्व मंत्री वर्मा और खाद्य मंत्री बघेल ने ट्रेन को दिखाई हरी झंडी, श्रद्धालु काशी विश्वनाथ का भी करेंगे दर्शन**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के पहल पर शुरू की गई श्री रामलला दर्शन योजना के तहत चलाई जा रही विशेष ट्रेन आज रायपुर रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-07 से रवाना हुई। राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। इस विशेष ट्रेन से 850 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। इस यात्रा से श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। श्रद्धालुगण भगवान राम का जय-जयकार करते हुए अयोध्या धाम के लिए निकल चुके हैं। ट्रेन में श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए भक्तिमय माहौल में श्री रामलला के दर्शन को जा रहे है।

इस दौरान खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल, सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सर्वश्री अनुज शर्मा, श्री इंद्र कुमार साहू, श्री गजेन्द्र यादव, प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड श्री विवेक आचार्या, सीईओ जिला पंचायत रायपुर, रेल्वे एवं पर्यटन के अधिकारी-कर्मचारी सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

रामलला दर्शन के लिए जाने वाले दर्शनार्थियों ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने श्री रामलला दर्शन के लिए योजना की शुरूआत की है। इसके लिए मुख्यमंत्री का बहुत-बहुत धन्यवाद। अयोध्या के दर्शन हम जैसे लोगों के लिए असंभव था, लेकिन मुख्यमंत्री की पहल पर आज हमें अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन संभव हुआ है। आज अयोध्या के लिए रवाना हो रहे है और हमें बहुत खुशी हो रही है। अयोध्या में श्री रामलला के भव्य और सुंदर मंदिर बनाए गए है। श्री रामलला के दर्शन के लिए यात्रा से बहुत खुशी हो रही है। यात्रा के दौरान हम सभी को काशी विश्वनाथ जी के दर्शन का लाभ भी प्राप्त होगा। यात्रा को लेकर यात्रियों में उत्साह का माहौल देखा गया।

आज 24 सितबर को रायपुर संभाग के समस्त जिला के 850 यात्रियों को लेकर रायपुर रेल्वे स्टेशन से अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई। यात्रा दौरान यात्रियों को वाराणसी में काशी विश्वनाथ के दर्शन का लाभ भी मिलेगा।


श्रद्धांजलि सभा



श्री महेन्द्र कुमार जी जैन
देवलोक गमन गुरूवार,
दिनांक : 12 सितम्बर 2024.

श्रद्धांजलि सभा
बुधवार, दि. 25.9.2024,
प्रात: 10.30 से 11.30 बजे
सुराना भवन, छोटापारा,
रायपुर में रखी गई है ।

परिवार आपका मंदिर था, स्नेह आपकी शक्ति थी ।
परिश्रम आपका कर्तव्य था, परमार्थ आपकी भक्ति थी ।
आप चले गए भले ही इस जहाँ से,
पर आपकी याद का दीया सदा जलता रहेगा ।

शोकाकुल
सनत जैन, अनिल जैन (भाई), मनोज जैन, मनीष जैन (पुत्र)
रोमिल, सौम्य, अंकित, अर्पित, अंकुज जैन (भतीजे) एवं समस्त (पांड़े) जैन परिवार

प्रतिष्ठान
▪ नरेन्द्र बैंगल स्टोर ▪ अशोक बैंगल्स ▪ अक्षय क्रिएशन ▪ मीना ज्वेलर्स
▪ 6TH GEAR - रॉयल एनफील्ड ▪ दक्ष हेल्थ केयर ▪ सियाराम डेवलपर्स
▪ UNI EQUIP INDUSTRIES बंजारी रोड, रायपुर 9893000030, 9827155300

ATUL

## संक्षिप्त समाचार

### साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था ऋचा की सितंबर माह की मासिक गोष्ठी महाराष्ट्र मंडल में आयोजित की गई



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था ऋचा की सितंबर माह की मासिक गोष्ठी महाराष्ट्र मंडल में आयोजित की गई, डॉ कमल वर्मा ने ऋचा परिवार का स्वागत किया। सचिव नीता श्रीवास्तव ने माँ सरस्वती व स्व शांति यदु के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन हेतु अध्यक्ष डॉ मंजुलाहर्ष श्रीवास्तव, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, मंजु यदु, कल्पना यदु, कमल वर्मा को आमंत्रित किया। दीप प्रज्वलन पश्चात माँ वीणापाणि की स्वरचित वंदना कमल वर्मा ने प्रस्तुत की।मासिक प्रतिवेदन का पाठ मीना शर्मा द्वारा किया गया, तत्पश्चात अनिल श्रीवास्तव जाहिद ने अपने अलहदा अंदाज में संचालन को प्रवाह दिया, जाहिद की सशक्त पंक्तियों ने लेखको, साहित्यकारों को आल्हादित किया।इंद्रधनुषी छटा लिये सबकी रचनायें, विभिन्न कलेवर में थी, गीत, गज़ल, व्यंग्य, लघुकथा, कविताओं ने सबको आनंदित किया। इस माह वरिष्ठ लेखिका आशामानव, और मंजु यदु का जन्मदिन था, उन्हें पुष्प गुच्छ देकर बधाईयाँ प्रेषित की गई। गोष्ठी में सहभागिता रही- आशामानव, कल्पना यदु, सुरेंद्र रावल, आचार्य अमरनाथ त्यागी, मंजु यदु, चंद्रकला त्रिपाठी, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, डॉ जे के डागर, डॉ सुरेश तिवारी, डॉ अमृता शुक्ला, डॉ मंजुलाहर्ष श्रीवास्तव, नीता श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव जाहिद, प्रज्ञा त्रिवेदी, नीलिमा मिश्रा, लतिका भावे, जया भावे, आलिम नक़वी, दिलीप वरवंडकर, अर्चना अनुपम, अंजु यदु, मीना शर्मा, डॉ कमल वर्मा। ब्रिगेडियर प्रदीप यदु ने सबका आभार व्यक्त कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

### शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में गृह-विज्ञान द्वारा पोषण एवं आहार सप्ताह का किया गया आयोजन



**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार, में गृह-विज्ञान द्वारा पोषण एवं आहार सप्ताह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूवात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कल्पना उपध्याय द्वारा दीप-प्रज्वलन से किया गया, इस कार्यक्रम के दौरान अपने उद्बोधन में प्राचार्य ने कहा कि स्वतंत्रता के 75 वर्ष बाद भी भारत में कुपोषण एवं गंभीर समस्या 75 वर्ष बाद भी भारत में कुपोषण एवं गंभीर समस्या बनी हुई है। नई पीढ़ी को कुपोषण के प्रति जागरूक करना आवश्यक है अत: छात्राओं को अपने आस-पास पोषण संबंधी जागरूकता फैलाने का निर्देश दिया। कार्यक्रम की प्रथम कड़ी में छात्राओं ने स्वास्थ्य-वर्धक भोजन प्रदर्शिनी लगाई जिसमें ठेठरी-खुर्मी, संतुलित आहार, एनिमिकहाईट, डिटॉक्स ड्रिंक, हाई प्रोटीन डाईट, अनुपुरक आहार एवं सुपर फुडस को शामिल किया गया। कार्यक्रम की दूसरी कड़ी में फलदार पोधों का रोपण किया गया जिसमें अनार, बादाम, मुनगा, आम, जामुन, रामफल जैसे फलों के पौधे लगाए गए तथा उनकी देखभाल का संकल्प किया। तृतीय कड़ी में पोस्टर प्रस्तुति के माध्यम से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें होम सांइस तृतीय वर्ष से सरिता साहू, दर्शिता साहू तथा द्वितीय वर्ष से ज्योति सोनी ने क्रमश: प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंतिम कड़ी में बी.एम.आई गणना के साथ समस्त कुपोषित छात्राओं को पोषण परामर्श प्रदान किया गया जिसमें महाविद्यालय की 200 से अधिक छात्राओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम की समस्त कड़ी मे वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. सुनीता त्यागी विभागाध्यक्ष-डॉ. सुलेखा राउत, गृहविज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अर्पिता सोनी, श्रीमती अदिति माहुले, डॉ. चित्ररेखा सिंगरौल, डॉ. जमीला खातून तथा श्रीमती आईनी घृतलहरे उपस्थित रहे। विभागाध्यक्ष ने सफल कार्यक्रम हेतु सभी की सहभागिता पर आभार व्यक्त किया।

## केसीसी के प्रकरणों की संख्या बढ़ाने एवं पीएम विश्वकर्मा योजना में सभी पंजीकृत हितग्रहियो को शत-प्रतिशत प्रशिक्षण देना करें सुनिश्चित : कलेक्टर




- 32 मछुवा समिति शीघ्र ही बनेंगे अब सहकारी सोसायटी, अन्य गतिविधियों का कर सकेगा संचालन
- बैठक में अनुपस्थित दो जिला अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी
- कलेक्टर ने की विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा, समय सीमा के भीतर कार्य करने के दिए निर्देश

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** कलेक्टर दीपक सोनी ने आज सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय कार्यो की काम काज की समीक्षा किए.जिसमें उन्होनें केंद्रीय सहित राज्य के महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है. कलेक्टर ने आज केसीसी के प्रकरणों की संख्या बढ़ाने कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग को दिए है। इसके साथ ही पीएम विश्वकर्मा योजना में सभी पंजीकृत हितग्रहियो को शत प्रतिशत प्रशिक्षण देने निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। श्री सोनी ने जिले में 32 मछुवा समिति को सहकारी सोसायटी में पंजीकृत करने कहा गया है। जिससे वे अन्य स्व रोजगार मूलक गतिविधियों का संचालन कर शासन के अन्य योजनाओं लाभ मिल सके। साथ ही कलेक्टर को बिना जानकारी दिए बैठक में अनुपस्थित सहायक संचालक उद्यानिकी आर एस वर्मा एवं पंजीयक सहकारिता सुरेंद्र गोड़ को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। साथ ही सभी नगरीय निकाय सहित गावों में हो रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत कार्यक्रम को पोर्टल में अपलोड करते हुए अधिक संख्या में कार्यक्रम करने के निर्देश दिए है। उक्त बैठक में विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के प्रमुखों से कहा कि आप सभी आवेदन जो आम जनता के द्वारा कलेक्टर शिकायत शाखा, सीपी ग्राम्स, जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। उनका निराकरण कर जिला कार्यालय को शीघ्र सूचित करें। सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर ही हो जाना चाहिए साथ ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने कहा हैं। साथ ही आयुष्मान भारत पीएमजेएवाय, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, इसके अतिरिक्त सिकल सेल एनीमिया उन्नमूलन वन अधिकार पट्टा व्यक्तिगत एवं सामूहिक, वन धन केंद्र, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरीय) पीएम भारतीय जन औषधि परियोजना, उजाला योजना, पीएम सौभाग्य योजना की समीक्षा की गई। उक्त बैठक मे डीएफओ मयंक अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## 'हम होंगे कामयाब' पर कार्यशाला तथा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का संयुक्त रूप से किया गया आयोजन



**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार, में दिनांक 23 सितंबर 2024 को जन जागरूकता कार्यक्रम समाज कल्याण विभाग जिला-बलौदाबाजार बैनर तले जिला प्रशासन बलौदाबाजार द्वारा हम होंगे कामयाब पर कार्यशाला तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का संयुक्त रूप से आयोजन किया गया।

हम होंगे कामयाब कार्यशाला में श्री सुमीत कुमार मरावी जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी ने रोजगार के संभावना, युवाओं में उत्पन्न होने वाले अवसाद महिला उत्पीड़न एवं जिला स्तर पर प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले परीक्षर्थियों के लिये प्रारंभ किये जाने वाले कोंचिग सेंटर के बारे में जानकारी प्रदान किये। इसी कड़ी में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में श्री रोशन लाल सायकिट्रिक सोशल वर्क, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग बलौदाबाजार ने युवाओं में उत्पन्न होने वाले तनाव, चिंता एवं इसे दूर या कम कैसे किया जा सकता है विषय पर विस्तार से चर्चा किये साथ ही साथ आत्महत्या एवं इसके रोकथाम के उपाय पर विस्तार से जानकारी प्रदान किये। कार्यक्रम की अगली कड़ी में श्री अरविन्द गेडास उपसंचालक समाज कल्याण विभाग बलौदाबाजार ने पुरूषों एवं महिलाओं में नशे की लत एवं इसके दुष्प्रभवों तथा नशामुक्ति के संम्बंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान किये। काउंसलर महिला एंव बाल विकास विभाग श्री संतोष कुमार कोसले ने एक लघु फिल्म के माध्यम से महिला उत्पीड़न, इसे रोकने के उपाय सखी वन स्टाफ सेंटर बाल विवाह और बाल विवाह के दुष्प्रभाव तथा इसको रोकने के उपाय के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान कीये। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कल्पना उपाध्याय, महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्रीमती रोशनी लता जगत, श्री सूर्यकांत साहू एवं बड़ी संख्या में छात्रायें उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़िया वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ की समीक्षा बैठक संपन्न



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़िया वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ का वार्षिक सम्मेलन हमर व्यापारी हमर संगवारी 1 सितंबर 24 संपन्न हुवा। जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से व्यापारी सम्मिलित हुए थे। इस कार्यक्रम की समीक्षा हेतु रायपुर के निजी होटल में समीक्षा बैठक आहूत की गई थी जहां प्रदेश अध्यक्ष सहित प्रदेश के सभी पदाधिकारी गण सम्मिलित हुए। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शेखर वर्मा ने किया उपस्थित सभी पदाधिकारी ने कार्यक्रम के संबंध में तथा आगामी संगठन के विस्तार के संबंध में अपनी अपनी सुझाव रखे।

शेखर वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे छत्तीसगढ़ से 10000 से भी अधिक व्यापारी संगठन के माध्यम से जुड़ चुके हैं आने वाले समय में हमें सभी छोटे-बड़े व्यापारियों को पूरे प्रदेश से जोड़कर व्यापार में आने वाली जीएसटी, आईटीआर संबंधित समस्याएं तथा नए उद्योग लगाने में विभिन्न प्रकार की अनुमति बैंकिंग संबंधी समस्याओं को दूर करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा आगे जानकारी देते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य 25000 से भी अधिक व्यापारियों को संगठन की विचारधाराओं से जोड़ना है ताकि छत्तीसगढ़िया व्यापारियों में एक दूसरे के व्यापार को बढ़ाने की भावना जागृत हो सके तथा आपस में बी टू बी माध्यम से व्यापार कर सके।

इसके लिए विभिन्न प्रदेश मीडिया प्रभारी के रूप में ईश्वर पटेल, रायपुर जिला अध्यक्ष त्रिलोचन साहू, दुर्ग जिला अध्यक्ष प्रीतम सिन्हा की नियुक्ति हुई तथा प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप टिकरिहा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाया।

नवनियुक्त मीडिया प्रभारी ईश्वर पटेल ने कहा कि आने वाले समय में सभी जिलों में मीडिया प्रभारी की नियुक्ति की जाएगी व्यापारियों को संगठन की विचारधाराओं से जोड़ने के लिए छोटे-छोटे कस्बों, तहसील और जिला में सेमिनार के माध्यम से प्रयास किया जाएगा तथा छोटे-बड़े व्यापारियों की समस्याओं को सुलझाने के लिए संगठन एकत्रित होकर कार्य करेगी। आने वाले समय में पूरे छत्तीसगढ़ में मीडिया के माध्यम से संगठन को एक अलग पहचान दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष शेखर वर्मा, उपाध्यक्ष दिलीप टिकरिया, प्रदेश मीडिया प्रभारी ईश्वर पटेल, माशीस साहू, त्रिलोचन साहू, दूजराम धीवर, ओंकार साहू, पुनारद निषाद, महेश साहू, लोकेश निषाद, रामशरण टंडन, विजय चंद्रवंशी, गुंजन बघेल, अनिल चंद्राकर, प्रीतम सिन्हा, अमन यादव, महेश साहू, घनश्याम सिन्हा, रोशन निषाद, दीपक साहू, कुबेर चंद्राकर, ललित साहू लक्ष्मण साहू उपस्थित रहे।

**समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश**

## हितग्राहीमूलक योजनाओं से पात्र व्यक्तियों के सेचुरेशन हेतु मिशन मोड में करें कार्य : कलेक्टर हरीस एस.

**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर श्री हरीस एस.ने कहा कि शासन की मंशानुरूप हितग्राहीमूलक योजनाओं से सभी पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित कर शत-प्रतिशत सेचुरेशन करने के लिए मिशन मोड में कार्य करें। इस दिशा में राशनकार्ड को बेस डेटा मानकर हितग्राहीमूलक योजनाओं से सेचुरेशन हेतु तैयार कार्ययोजना का कारगर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री हरीस मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेते हुए अधिकारियों को उक्त निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत लक्षित किसानों की सूची गिरदावरी डाटा और वन अधिकार मान्यता पत्र धारक किसानों के साथ गांव की सूची बनाने कहा। जिसमें पटवारी-राजस्व निरीक्षक की संयुक्त दल को निरीक्षण कर तहसील स्तर से सत्यापन कर सूची तैयार करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड के प्रकरण, तीन वर्षो से धान नहीं बेचने वाले कृषकों की जानकारी लैम्प्स सोसायटी से जांचकर अपडेट करने के निर्देश दिए।

## कैट के विशाल स्वास्थ्य शिविर का लाभ सैकडो व्यापारी सहित व्यापारिक संगठनों एवं पदाधिकारियों ने लिया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्र सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट सी.जी. चैप्टर के प्रदेश कार्यालय में स्वस्थ व्यापारी-स्वस्थ व्यापार के तहत विशाल स्वास्थय शिविर सम्पन्न हुआ। विशाल स्वास्थ शिविर का आयोजन सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया। स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष माननीय श्री अमर पारवानी जी के द्वारा किया गया। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि कैट सी.जी. चैप्टर के प्रदेश कार्यालय में स्वस्थ व्यापारी - स्वस्थ व्यापार के तहत विशाल स्वास्थय शिविर सम्पन्न हुआ।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./14340/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 23-09-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 14340
वार्ड का नाम- 17 - ठक्कर बापा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 17 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR108A00809** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAJESH RANAJAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BAIDHYNATH PRASAD SHRIVASTAV** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RANJITA SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAVI PRASAD SINGH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 1 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./14001/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 09-09-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 14001
वार्ड का नाम- 17 - ठक्कर बापा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 17 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107A00447** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VIJAY KUMAR SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **CHIRONJI LAL SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RAJESH KUMAR SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **CHIRONJI LAL SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 1 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./13669/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 13-09-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 13669
वार्ड का नाम- 17 - ठक्कर बापा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 17 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR109E00030** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MANOJ KUMAR LAHRE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JATHU LAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. INDRJEET SINGH 2. PINKI KOUR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1 SEWA SINGH 2 INDRJEET SINGH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 1 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./14399/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 23-09-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 14399
वार्ड का नाम-10- रानी लक्ष्मी बाई वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 10 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR227D00052** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT. CHAMELI BAI MANDLE** पिता/पति श्री/श्रीमती **SANT RAM MANDLE** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **LAXMAN SINGH MANDLEY** पिता/पति श्री/श्रीमती **SANTRAM MANDLEY** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र सहमति पत्र एवं परिवारिक सहमति पत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री जसदेव सिंह बाबरा
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं.- ( 3 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./14523/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 23-09-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 14523
वार्ड का नाम-34- लाल बहादुर शास्त्री वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 34 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR333A00658** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SANJAY SWAMI** पिता/पति श्री/श्रीमती **LATE GANGADHAR SWAMI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ZAREEN QURAISHI** पिता/पति श्री/श्रीमती **MOHAMMAD SHARIF QURESHI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री जसदेव सिंह बाबरा
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं.- ( 3 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./14526/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 23-09-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 14526
वार्ड का नाम-10- रानी लक्ष्मी बाई वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 10 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR227S00017** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PRANAV SINHA** पिता/पति श्री/श्रीमती **R.P. SINHA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. MANOHAR RANGLANI 2. BHAWNA RANGLANI** पिता/पति श्री/श्रीमती **1 RAMCHAND RANGLANI 2. MANOHAR RANGLANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री जसदेव सिंह बाबरा
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं.- ( 3 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./14670/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 23-09-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 14670
वार्ड का नाम-12- महात्मा गांधी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 12 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR235D00013** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NILESH KUMAR S/O DWARIKA MERA DEVI W/O RAMESH KUMAR** पिता/पति श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ANITA VASWANI** पिता/पति श्री/श्रीमती **SURESH VASWANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री जसदेव सिंह बाबरा
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं.- ( 3 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./14555/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 23-09-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 14555
वार्ड का नाम-30- शंकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-30 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR331A00104** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MOHAMMAD JAMAL MAHMUD S/O LATE MOHAMMAD ASLAM SHAHIN PARVEEN W/O MOHAMMAD JAMAL MAHAMUH** पिता/पति श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1 BASANT KUMAR TODE 2 KAVITA TODE** पिता/पति श्री/श्रीमती **1 ASHOK TODE 2 BASANT KUMAR TODE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री जसदेव सिंह बाबरा
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं.- ( 3 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./14624/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 23-09-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 14624
वार्ड का नाम- 18 -बालगंगाधर तिलक वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 18 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR110D00309** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **D. KAMESHWAR RAO** पिता/पति, श्री/श्रीमती **P.D. DHARMA RAO** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **GIRDHARI YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PATI RAM YADAV** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 1 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./14505/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 13-09-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 14505
वार्ड का नाम- 18 -बालगंगाधर तिलक वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 18 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR110D00633** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ANURADHA PAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJESH PAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. ASHOK KUMAR KESHKAR 2 DHANANJAY KESHKAR 3 NITIN KUMAR KESHKAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. LATE. J.L. KESHKAR 2. ASHOK KUMAR KESHKAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 1 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./14465/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 23-09-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 14465
वार्ड का नाम- 04 -यतियतन लाल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 04 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR104J0030B** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SAMIR GAYEN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O MAHENDRA GAYEN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ADHIR KUMAR GAYEN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O MAHENDRA GAYEN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 1 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

# प्रस्तावित कृषि महाविद्यालय भवन ग्राम पंचायत धोंधा से अन्यत्र ले जाया गया तो होगा उग्र आंदोलन

## सूरजपुर कलेक्टर को ग्रामीणों ने संयुक्त हस्ताक्षर कर सोपा ज्ञापन

गोपाल सिंह विद्रोही



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** सूरजपुर जिला कलेक्टर को ग्रामिणो ने संयुक्त हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन ज्ञापान सौंपते हुए अवगत कराया है कि वाड्रफ्नगर एवं प्रतापपुर जनपद पंचायत के 300 ग्रामो के ग्राम वासियों का निवेदन है कि शासन द्वारा प्रतापपुर जनपद अंतर्गत 14.91 करोड की लागत से निर्मित होने वाले कृषि महाविद्यालय भवन निर्माण कराने राशि स्वीकृति हुई है जिसके लिए ग्राम पंचायत धोंधा में स्थित शासकीय भूमि 0क 0181/1,182,152,151,132,208, 130 व अन्य जिसका रकबा कुल लगभग 100 हे0 है जो पूर्णत: निर्विवाद है अतिक्रमण विहिन है, जिसका कृषि विभाग के वैज्ञानिको द्वारा एवं तात्कालिन अ.वि.अधिकारी रा0 प्रतापपुर द्वारा भी मौके का निरीक्षण किया जा चुका है, जो पूर्व में भी कृषि महाविद्यालय निर्माण कराये जाने हेतु प्रस्तावित है परन्तु इस विषय पर कतिपय संदेह परिलक्षित हो रहा है कि शासन/प्रशासन स्तर पर ग्राम धोन्धा स्थित उक्त शासकीय निर्विवाद भूमि (100 हे0) को कृषि अयोग्य बताकर अन्यत्र जगहो पर जैसे खडगवींकलों ग्रामों में स्थित विवादित अतिकमित भूमि का बार-बार सर्वेक्षण कराया जा रहा है जबकि उपरोक्त जगह जैसे खडगवॉ कला जो अम्बिकापुर से मात्र 18 किलो मीटर की दूरी पर स्थित है जहा पर पूर्व से दो कृषि महाविद्यालय निर्मित है तथा खडगववींकलों प्रतापपुर से बिलकुल किनारे स्थित है खडगवींकलों कोयला उत्खनन क्षेत्र है कभी भी उस ग्राम को शासन द्वारा अधिग्रहित किया जा सकता है, जी वाड्रफ्नगर एवं प्रतापपुर भौगोलिक दृष्टि से बिलकुल किनारे है जिससे उस स्थान पर कृषि महाविद्यालय बनाना बिलकुल उचित नहीं है। वाडफ्नगर व प्रतापपुर के मध्य धोंधा बीच में पड़ेगा इस स्थित भूमि में ही कृषि महाविद्यालय भवन निर्मित कराया जाना उचित होगा ग्राम पंचायत के सैकड़ों ग्रामीणो,जनप्रतिनिधि, पदाधिकारियों द्वारा आम सभा लगा कर कृषि महाविद्यालय धोंधा मे ही बनवाने हेतु सर्वसम्मति से प्रस्ताव भी पारित किया गया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से निवेदन प्रस्तावित भूमि पर ही कृषि महाविद्यालय बनवा कर संचालित कराने का आदेशित करे यदि ग्राम पंचायत धोंधा मे कृषि महाविद्यालय का भवन निर्माण करा कर संचालित नहीं किया जाता है तो भव्य आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा जिसका राम्पुर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर के द्वारा दृष्टिबाधित दिव्यांजन को मोबाईल फोन किये प्रदाय



**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार )**-ग्राम पंचायत जगतपुर के नमन सिंह ने मोबाइल फोन के लिए कलेक्टर रोहित व्यास के समक्ष आवेदन किया गया था। आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आज कलेक्टर के द्वारा दृष्टिबाधित दिव्यांजन को मोबाईल फोन प्रदाय किया गया। मोबाईल फोन प्राप्त करने के पश्चात आवेदक ने खुशी जाहिर की एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### पुलिस की अवैध कबाड़ के खिलाफ कार्रवाई

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कुसमुंडा पुलिस ने अवैध कबाड़ के खिलाफ अपनी कार्रवाई जारी रखते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की है। बरमपुर शराब भट्टी के पीछे डंपिंग नाला में लावारिस हालत में कबाड़ मिलने की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यु.बी.एस. चौहान और नगर पुलिस अधीक्षक दर्री विमल कुमार पाठक ने थाना प्रभारी रूपक शर्मा के नेतृत्व में इस मामले में प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस ने मौके पर जाकर लावारिस हालत में मिले कबाड़ की जांच की, लेकिन कबाड़ के मालिक और आरोपी का पता नहीं चल पाया। इस पर धारा 28 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने 2 टन का जला हुआ फिल्टर टीना कबाड़, जिसकी कीमत 40,000 रुपये, एक पुराना इलेक्ट्रॉनिक तराजू, जिसकी कीमत 2,000 रुपये जब्त किया है। पुलिस अब कबाड़ के मालिक और आरोपी की पहचान के लिए प्रयास कर रही है। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने यह कार्रवाई की और लावारिस कबाड़ को जब्त कर लिया। कुसमुंडा पुलिस ने अवैध कबाड़ के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए इस कार्रवाई को महत्वपूर्ण बताया है। भविष्य में ऐसे मामलों को रोकने के लिए और भी सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### नहर में बहती मिली महिला की लाश

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के एक बारीडीह गांव में उस वक्त हड़कंप मच गई जब गांव के पास नहर में एक अज्ञात महिला की बहती हुई लाश दिखी. ग्रामीणों ने तुरंत इस घटना की सूचना पुलिस को दी. मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने देखा कि महिला की लाश नहर के पास एक खंभे में फंसी हुई है. वहीं मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई है. यह मामला उरगा थाना क्षेत्र का है. नहर में मिली महिला की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है. पुलिस ने नहर में पानी के तेज बहाव को देखते हुए गोताखोरों को बुलाया है, ताकि लाश को सुरक्षित रूप से निकाला जा सके. वहीं महिला की पहचान के लिए आसपास के गांवों में मुनादी कराई जा रही है. पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिए स्थानीय निवासियों से संपर्क कर रही है।

### युवक ने घर के म्यांर में फांसी लगा दी जान

**कोरबा(विश्व परिवार)।** भदरापारा में रहने वाले 22 वर्षीय युवक का घर के म्यार पर शव लटका हुआ मिला। बालको थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है। मृतक का नाम मंथन गुप्ता है। पुलिस को मंथन के पिता संतोष गुप्ता ने बताया कि उसके दो बेटे और एक बेटी है। मृतक बड़ा बेटा था, दोनों बेटे मां के साथ बालको में रहते और वह अपनी बेटी के साथ बिलासपुर में रहता है और निजी कंपनी में काम करता है। बेटी बिलासपुर में पढ़ाई कर रही है। छुट्टी मिलने पर वह घर वालों के पास आता है। दो दिनों से वह अपने बड़े बेटे को फोन कर रहा था, पर उसका मोबाइल बंद मिल रहा था। तब उसकी मां से फोन कर जानकारी ली, तो पता चला कि वह पिछले दो दिनों से परेशान है। किस बात को लेकर परेशान है, यह नहीं बता रहा है। संतोष ने बताया कि शनिवार की रात उसकी मां के मोबाइल पर फोन पर मंथन से बात की, तो मंथन ने बताया कि उसे कोई परेशानी नहीं है। मोबाइल में रिचार्ज नहीं होने के कारण मोबाइल बंद होना बताया। रविवार की सुबह उसे मंथन के फंसी लगाकर जान देने की सूचना मिली। मंथन ने आत्महत्या क्यों की।

# ग्रामीणों ने कलेक्टर से माँ गढ़वतिया देवी धाम में की मूल सुविधाओं की माँग



**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**- जिले के चांदनी बिहारपुर के ग्राम पंचायत महूली में मां गढ़वतिया देवी धाम है यहां मूल सुविधा नहीं है सड़क पानी बिजली सहित प्राचीन मूर्ति बिखरें पड़े हुए हैं इसी को देखते हुए ग्रामीण एकजुट होकर कलेक्टर से यहां मूल सुविधा मुहैया कराने की मांग की है

चांदनी बिहारपुर क्षेत्र एक दर्जन से अधिक ग्राम पंचायत के सहमति से जनदर्शन के माध्यम से कलेक्टर को दिया आवेदन

महुली के मां गढ़वतीया देवी धाम में हाई मास्क लाइट भी नहीं है ग्रामीणों ने बताया की हमारे सूरजपुर जिला के दूरस्थ क्षेत्र चांदनी बिहारपुर के ग्राम महुली के पहाड़ में प्राचीन मंदिर मां गढ़वतिया देवी धाम के नाम से प्रसिद्ध देवी स्थल है जो की अनेक मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं जैसे पानी, रोड, बिजली लाइट, सीढ़ी निर्माण जैसी कई मूलभूत सुविधाएं नहीं है जो कि यहां के शासन प्रशासन द्वारा आज तक किसी भी तरह की कोई लाभ आज तक नहीं मिल पाया है

जबकि नवरात्रि एवं अन्य ह्यड्डद्वड्ड4 में भी यहाँ भक्तों का भीड़ रहता है हम सभी पंचायत के ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी सूरजपुर कलेक्टर आग्रह करते हैं कि मां गढ़वतीया देवी धाम में दो हाई मास्क लाइट सहित मूलभूत सुबिधा उपलब्ध करायें

# सर्प दंश से युवक की मौत, ग्रामीणों ने सांप को भी चिता के साथ जलाया

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के ग्राम बैगामार में सर्पदंश से एक युवक की मौत हो गई। जिस सांप ने युवक को डसा था उसे ग्रामीणों ने टोकरी में बंद करके रखा था। शव यात्रा के साथ सांप को भी बांधकर मुक्तिधान ले जाया गया, जहां युवा की चिता में उसे जिंदा जला दिया गया। मनसा राम राठिया ग्राम बैगामार में निवास करते हैं। घर में उसकी पत्नी के अलावा दो बेटे थे। शनिवार की रात खाना खा कर सभी अपने अपने कमरे में सोने चले गए। 22 वर्षीय बेटा डिगेश्वर राठिया भी अपने कमरे में सोने चला गया। वह खाट में मच्छरदानी लगा कर सो रहा था। रात के वक्त मच्छरदानी के अंदर जहरीला करैत सांप घुस गया और उसके पैर पर काट लिया। युवक ने बिस्तर से उठकर देखा तो मच्छरदानी में सांप लिपटा हुआ था। उसने उठकर इसकी सूचना स्वजनों को दी। इलाज के लिए उसे जिला मेडिकल कालेज अस्पताल लाया गया। रविवार की सुबह इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक के पिता मनसा राम ने बताया कि डिगेश्वर घर का बड़ा बेटा था और पढ़ाई करने के साथ खेती किसानी में साथ देता था। घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें डर था कि जहरीला सांप किसी और को अपना शिकार ना बना ले। इस वजह से उसे भी चिता के साथ जला दिया गया। घटना के बाद गांव में मातम छाया हुआ है और स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। जिला अस्पताल चैकी प्रभारी दाऊद कुजुर ने बताया कि मृतक के स्वजनों का बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पांच दिन में 43 एकड़ धान की फसल को हाथियों ने रौंदा



**कोरबा(विश्व परिवार)।** हाथियों की संख्या बढ़ने के साथ हाथी मानव द्वंद्व भी बढ़ रहा है। कोरबी के निकट जंगल में हाथियों के डेरा डालने से वन विभाग की ओर से ग्रामीणों को सतत सतर्क किया जा रहा है। जिले के वनांचल क्षेत्र में हाथी-मानव द्वंद्व थमने का नाम नहीं ले रहा है। अंबिकापुर के घने जंगल से कटघोरा व कोरबा वन मंडल होते हुए धरमजयगढ़ वन क्षेत्र तक हाथियों का कारिडोर कई वर्षों से है। अभी भी हाथी इसी मार्ग से आना- जाना करते हैं। विगत पांच वर्षों से हाथियों ने पसान क्षेत्र को अपना स्थाई ठिकाना बनाना शुरू किया है। इस दौरान क्षेत्र में इनकी संख्या 34 थी। वर्ष दर वर्ष संख्या बढ़ती जा रही है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई व वन क्षेत्र की जमीन पर लोगों का बढ़ते बेजा कब्जा से हाथियों का विचरण क्षेत्र अब छोटा पड़ने लगा है। चार, साल, गुंजा के छाल व बांस हाथियों का प्रिय भोजन है। वनक्षेत्र में चारे की सुविधा नहीं होने से दल रिहायशी क्षेत्र की ओर कूच कर रहे हैं। 50 हाथियों के एक ही स्थान में विचरण कटघोरा वनमंडल का कोरबी क्षेत्र के लोग इन दिनों दहशत में हैं। इस दल ने चार दिन के भीतर 43 एकड़ फसल को नुकसान पहुंचाया है। विभागीय अधिकारियों की माने तो हाथी रात के समय अलग-अलग हो जाते हैं, दिन होते ही फिर एक साथ दल में शामिल हो जाते हैं।

# पक्का मकान पाकर शंकर प्रसाद के परिवार में आयी खुशियां

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**- जनपद पंचायत प्रेमनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत नमना में वर्ष 2016-17 से 2022-23 तक कुल 134 आवास की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें कुल 130 आवास पूर्ण हो चुके हैं। जिसमें हितग्राहियों को शत प्रतिशत राशि जारी किया जा चुका है शेष 4 आवास प्रगतिरत हैं ग्राम पंचायत में प्रगति अनुसार प्रथम, द्वितीय, तृतीय किस्त की राशि जारी किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में आवास पूर्ण कराने हेतु तकनीकी मार्गदर्शन के लिए कलेक्टर श्री रोहित व्यास एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदनी साहू के निर्देशानुसार तकनीकी सहायकों के द्वारा एक-एक आवासों का निरीक्षण कर समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण कराने हेतु हितग्राहियों से समन्वय स्थापित




करते हैं एवं प्रगति ला रहे हैं ग्राम पंचायत के सचिव एवं रोजगार सहायक हितग्राहियों को निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसी कड़ी में हितग्राही श्री शंकर प्रसाद ग्राम पंचायत नमना जनपद पंचायत प्रेमनगर का मूल निवासी है जिनके नाम से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास की स्वीकृति प्रदान की गई है, हितग्राही अत्यंत गरीब एवं दूर-दूर अस्त पहाड़ी क्षेत्र में खपरैल के कच्चा मकान में रहता है। रात्रि के समय सांप बिच्छू का डर बना रहता है, हितग्राही द्वारा बताया गया कि हमें आशा नहीं था कि पक्के का मकान बना पाएंगे सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण वर्ष 2022-23 में आवास मिला जिसके बाद पूरा परिवार में खुशी का माहौल हुआ सरकार से हमें 1 लाख 20 हजार की राशि मिला तथा नरेगा से 90 दिवस का मजदूरी भी मिला आज हमने अपना पक्का मकान बना लिया है। जिसमें उनका पूरा परिवार निवास करता है, जिसके लिए उन्होंने जिला पंचायत व सरकार को आभार व्यक्त किया।

# प्रतापपुर ग्राम पंचायत बगड़ा के हितग्राही गुलाब का कच्चे से पक्के मकान का सपना हुआ साकार

### प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से स्वीकृत पक्के मकान के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** जनपद पंचायत प्रतापपुर के ग्राम पंचायत बगड़ा के श्री गुलाब अपने परिवार के तीन सदस्यों साथ रहतें है, श्री गुलाब ने बताया कि कच्चे मकान की हालत बहुत खराब थी, जिसके कारण बारिश के दौरान छत से पानी टपकता रहता है। टूटी दीवारों के कारण दीवार के गिर जाने, घर में सांप, बिच्छू न घुस जाये एवं हाथी प्रभावित क्षेत्र होने के कारण हाथियों के हमले होने का डर हमेशा बना रहता है। श्री गुलाब दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करतें हैं और आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं है कि पक्का घर भी बना सकें। उन्होंने बताया कि वे ग्राम सभा में गए थे, जिसमें पता



चला कि केंद्र सरकार द्वारा पक्का आवास के लिए एक योजना प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण) संचालित है। जिसकी सूची में उनका नाम दर्ज है यह जानकारी प्राप्त होने पर वह बहुत खुश हुए, सचिव/रोजगार सहायक द्वारा उनसे सारे आवश्यक दस्तावेज जमा कराए गए। जिसके बाद उनके खाते में प्रथम किस्त की राशि 17 सितंबर 2024 को हस्तांतरित हो गई है। पक्के मकान की स्वीकृति और तत्काल राशि प्राप्त होने पर उन्होंने काफी खुशी महसूस किया, उन्होंने बताया कि वर्षों से समस्या पूर्ण जीवन व्यतीत हो रहा है। कई प्रकार की समस्याओं का समाधान एक आवास मिलने से ठीक हो गया है। इसके लिए उन्होंने शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से स्वीकृत इस पक्के मकान से सम्मानजनक जीवन व्यतीत करने का अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं हमारी समस्या को सुनने एवं उसके त्वरित निराकरण के लिए राज्य के संवेदनशील मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति सादर आभार व्यक्त किया।

### तालाब में मासूम बच्ची की डूबने से मौत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** ग्राम बनबांधा में एक मासूम बच्ची की डबरी (तालाब) में डूबने से मौत हो गई। गांव के धनुहार पारा मोहल्ला में निवासरत नील सिंह की पुत्री किरण 2.50 वर्ष व तीन अन्य बच्चे एक साथ खेल रहे थे। रविवार को दोपहर एक बजे खेलते- खेलते तीनों बच्चे घर से लगे डबरी में पहुंच गए। इस दौरान किरण समेत दो बच्चे पानी में उतर गए और डूबने लगे, तब राहगीरों की नजर पड़ी, तो उन्होंने एक बच्ची को बचा लिया, पर दूसरी बच्ची नहीं मिली। जानकारी मिलने पर स्वजन समेत ग्रामीण स्थल पर पहुंचे और बच्ची का तलाश शुरू की गई। काफी मशक्कत के बाद आखिर मासूम किरण मिली। आनन फानन में उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर पोस्टमार्टम करा शव को अंतिम संस्कार के लिए स्वजनों को सौंप दिया।

## संपादकीय

# केजरीवाल को सत्ता से हटाने की व्यूह.....

अब जबकि 2025 का चुनाव बमुश्किल पांच महीने दूर है, लगता है कि केंद्र ने अपने विशेष अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए केजरीवाल को सत्ता से हटाने की व्यूह रचना की है। दिल्ली में जल्द ही राष्ट्रपति शासन लगने की चर्चाएं जोरों पर हैं। अरविंद केजरीवाल लंबे समय से केंद्र सरकार और सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी की आंख में कांटा है। उनसे मुक्ति पाने के लिए भाजपा ने कई बार जोर लगाया, लेकिन अब तक नाकाम रही है। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में भी पार्टी ने आम आदमी पार्टी को हराने की कोशिश में अपनी पूरी ताकत लगाई थी। लेकिन अब जबकि 2025 का चुनाव बमुश्किल पांच महीने दूर है, लगता है कि केंद्र ने अपने विशेष अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए केजरीवाल और आ.आ.पा. को सत्ता से हटाने की व्यूह रचना की है। भाजपा पिछले कई महीनों से कहती आ रही है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले से जुड़े आरोपों के चलते जेल में होने के बावजूद इस्तीफा नहीं दे रहे हैं, जिससे दिल्ली में संवैधानिक संकट पैदा हो गया है। अगस्त में दिल्ली के भाजपा विधायकों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलकर उन्हें एक चिट्ठी सौंपी। इसमें मांग की गई कि संवैधानिक संकट' को देखते हुए दिल्ली सरकार को बर्खास्त किया जाए और राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक राष्ट्रपति ने इस मामले पर कार्रवाई के लिए विधायकों की चिट्ठी केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेज दी है। तब से सवाल उठ रहे हैं कि क्या दिल्ली में वाकई राष्ट्रपति शासन लगा दिया जाएगा। राष्ट्रपति शासन संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत लगाया जाता है। इस अनुच्छेद के मुताबिक राष्ट्रपति इस बात से आश्वस्त हों कि किसी राज्य में संवैधानिक तंत्र भंग हो चुका है, तो वे वहां राष्ट्रपति शासन लागू कर सकते हैं। अनुच्छेद 356 केंद्र शासित प्रदेशों पर लागू नहीं होता है। इसलिए दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए संविधान में भाग 239-एबी के तहत अलग प्रावधान है। दिल्ली में पिछली बार राष्ट्रपति शासन फरवरी 2014 में लगाया गया था। तब तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने विधानसभा में लोकपाल बिल पेश ना कर पाने की वजह से अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। लेकिन वो अलग परिस्थिति थी। इस बार केंद्र ने ऐसा किया, तो इसे राजनीतिक कारणों से उठाया गया कदम माना जाएगा।

## आलेख

# देश और देशवासियों की चिंता करने वाला कौन?

ओमप्रकाश मेहता

भारत की राजनीति के मौजूदा स्तर को देखकर आज देश का हर दुद्धिजीवी जागरूक नागरिक हैरान और परेशान है, क्योंकि यहां पक्ष और विपक्ष दोनों ही स्तर के राजनेता देश की नहीं, अपनी राजनीति में व्यस्त है, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के नेता, जहां मोदी जी के शासन के दशक के जश्न के नशे में खोए है, जो प्रतिपक्ष के नेता विदेशों में जाकर भारत के निंदागान' में व्यस्त है, अब ऐसे में देश और उसके देशवासियों के बारे में चिंता करने वाला कोई नही है, सभी अपनी आत्म प्रशंसा व अपने सुनहरे राजनीतिक भविष्य के रंगीन सपनों में खोए है, जबकि आम देशवासी को अपनी और अपने परिवार की चिंता से ही फुर्सत नही है, अर्थात कुल मिलाकर देश में प्रजातंत्र मात्र एक मीठी औपचारिकता बनकर रह गया है और देश के रहनुमां अपनी मौज मस्ती में उसी प्रजातंत्र का मजाक उड़ा रहे है, आखिर यह स्थिति देश को कहां ले जाकर खड़ा करेगी, अजा न तो सत्तापक्ष अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन कर रहा है और न ही प्रतिपक्ष, आज देश के जागरूक बुद्धिजीवियों के लिए यही सबसे बड़ा चिंता का विषय है। अब दिनों-दिन देश के आम नागरिक के लिए जीवन यापन भी मुश्किल होता जा रहा है, देश आज दो वर्गों में स्पष्ट विभाजित नजर आता है, एक वर्ग वह जो सत्ता व प्रतिपक्ष की राजनीति से जुड़कर शोषक' बना हुआ है, तो दूसरा वर्ग वह जो ईश्वर पर आस्था रख जैसे तैसे अपना जीवन बसर कर रहा है। ज.और जहां तक देश के आधुनिक भाग्यविधाताओं (राजनेताओं) का सवाल है, वे इन्हीं असहाय व लाचार वग्र के नाम पर अपनी राजनीतिक चालें चलकर मौज-मस्ती कर रहे है और उन्हें देश या देशवासियों की कोई चिंता नही है, आजादी की हीरक जयंती हम इसी माहौल में मनाने को मजबूर है। यदि हम हमारे भाग्यविधाताओं (राजनेताओं) की मौजूदा भूमिकाओं की ही बात करें तो ताजा उदाहरण कांग्रेस के शीर्ष नेता और लोकसभा में विपक्ष नेता राहुल गांधी का ताजा अमेरिकी दौरा है, वहां उनके द्वारा दिए गए बयानों से तो ऐसा लगता है कि वे अमेरिका सिर्फ और सिर्फ भारत की बुराईयां ही करने गए है वैसे जहां तक राहुल जी का सवाल है, उनका हमेशा विवादों से ही नाता रहा है, उनके विवादित होने में मैं उनको दोषी इसलिए नही मानता क्योंकि उन्हें राजनीति की वह वास्तविक ट्रेनिंग नही मिल पाई जो मिलना चाहिए न उन्हें यह ट्रेनिंग उनकी दादी इंदिरा जी दे पाई और उनके पिता राजीव गांधी, अब वे जो भी राजनीति कर रहे है, वे अपनी ही सूझबूझ से कर रहे है, जिसमें ऐसी गलतियां होना स्वाभाविक हैद्ध इसलिए इसके लिए राहुल जी को दोष देना मैं ठीक नही समझता, शायद उनके सत्ता सलाहकार भी अपने अस्तित्व के भविष्य की चिंता के कारण उन्हें सही सलाह नही दे पा रहे है। भारत के राजनीतिक पंडितों का यह भी मानना है कि मोदी जी की राजनीतिक मजबूती का मुख्य स्त्रोत प्रतिपक्ष की कमजोरी ही है, आज जो देश में प्रतिपक्ष नजर आ रहा है, वह अपने मूल दायित्वों को इसलिए ठीक से नही निभा पा रहा है क्योंकि उसे अपने स्वयं के अस्तित्व की भी चिंता है और साथ ही अपने आप पर भरोसा भी नही है, इसी कारण मोदी जी के शासन का एक दशक सफलता पूर्वक पूरा हो गया और यही स्थिति रही हो गृहमंत्री अमित शाह की 2029 की भविष्यवाणी भी सच हो जाएगी पर फिर प्रतिपक्ष कहां होगा, यह कल्पना ही व्यर्थ है? इन्ही सब स्थितियों और कारणों से भारतीय राजनीति और उनकी संभावनाओं की स्थिति डांमाडोल बनी हुई है और इस अस्थिरता के चलते सत्ताधारी लूट सके सो लूट'' की मुद्रा में है तो प्रतिपक्ष उन्हें अदृष्य सहायता करने में व्यस्त है, अब ऐसे में देश और देशवासियों की चिंता करने वाला कौन? सब भगवान भरोसे..?

# गुरु कृपा से हुयी मुनि दीक्षा.....

गुणायतन- मधुवन की पावन भूमि में एकाएक 18 फरवरी 2015 को शंका समाधान के 10 मिनिट पूर्व पूज्य प्रमाणसागर जी महाराज को कहा कि मैं दीक्षा लेने जा रहा हूँ। उन्हें अचानक यह सुनकर थोड़ा लगा क्योंकि दोनों का आंतरिक अटेसमेंट कुछ ऐसा ही हो गया था। उनके वात्सल्यमयी प्रेम ने ही मुझे रामटेक दीक्षा के बाद संबल प्रदान किया। तब कोलकाता में उन्होंने। वर्ष की सांत्वना देते हुये कहा कि इस एक वर्ष में तुम्हारी दीक्षा ही जायेगी। लगभग डेढ़ वर्ष से अधिक होने पर हमने यह निर्णय लिया। उनका कहना था कि यहाँ तुम्हारे लिए क्या कमी है और सच भी था कि उनके पास मैं जी चाहता था वह होता था साथ ही साधना आदि भी ठीक चल रही थी। वे कहते थे मेरे पास तुम्हारे लिये सब कुछ है बस दीक्षा को छोड़कर। पर मेरे मन में सब कुछ नहीं दीक्षा की जरूरत थी। पूज्य मुनिश्री जी ने कहा यदि जाते हो तो अब नहीं रोकूँगा पर तुमको वापस गुरु जी का आशीर्वाद लेकर गुणायतन आता है और यहाँ से विनौरी पूर्वक अच्छे से विदा करना चाहता हूँ। मेरे मना करने पर भी उन्होंने कायोत्सर्ग करवाकर मुझे नियम दिला दिया। पूज्य मुनिश्री ने आचार्यश्री के नाम से एक पत्र दिया। मैं गुरु जी के पास आया चौक गुरुजी का विहार नेमावर से हो चुका था। सुधनी में गुरुजी ने पत्र पढ़कर तुरंत कहा मैंने कब मना किया दीक्षा के लिए मैंने कहा तो आप हाँ कह दो तब उन्होंने बुलाया और कहा कि तुम्हारे लिए जब-जब दीक्षा का प्रसंग बना मेरे मन में एक विकल्प आता है कि तुम्हारे दांत बाहर की ओर हैं। हमने कहा ये तो जन्मजात हैं अब हम क्या करें। उन्होंने दृढ़तापूर्वक कहा कि तुम्हें कुछ नहीं करना है हम सब करवा देंगे, हमें गुरु पर पूरा विश्वास था।

उन्होंने पूज्य संभवसागरजी महाराज को बुलाकर कहा जितनी जल्दी ही इसके दाँतों को अंदर कराना है। बस गुरु का आशीवांद, असंभव संभव हो गया। इन्दौर के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा यह कार्य 1 मार्च को हुआ। गुरु का आदेश नेमावर आश्रम में रहकर यह कार्य कराना है वापस नहीं जाना है। पुण्य योग से उसी दिन आर्थिका अकम्पमती माताजी के पिताजी को संलेखना हेतु लाये। यह दुरुत्तर कार्य मेरे कंधों पर दिया गया आश्रम के भाईयों के साथ अल्प समय में उनकी आयु पूर्णता को प्राप्त हो गयी। इसके बाद हमारी यावा प्रारंभ हुई। लगभग 1 माह पूज्य मुनि श्री समयसागरजी, बीच में 20 दिन पूज्य मुनि श्री प्रमाणसागरजी एवं 15 दिन पूल्य मुनि श्री नियमसागरजी महाराज के सत्संग किया शेष समय नेमावर आश्रम में रहे। शुक्लपक्ष में 16 दिवसीय शांतिविधान भी किया। पुण्य सचय हेतु कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश आदि की यात्रा का सुअवसर भी प्राप्त हो गया।

गुरुवर के नेमावर आश्रम का आशीर्वाद दिया और हम वहाँ रहे भी पर गुरु बरणों का सामिप्य/संगत की बात निराली होती है। इसी कारण हम पूज्य मुनि श्री समयसागरजी, मुनि श्री प्रमाणसागरजी, मुनि श्री नियमसागरजी आदि मुनिराओं के पास आश्रम में रहते हुये भी रहे और पुण्य हेतु तीर्थयात्रा की। बस तीर्थयात्रा करते हुये 27 तारीख को शाम प्रतिक्रमण के समय गुरुजी के कक्षा में पहुंचे। गुरुजी मुस्कुरा दिये, हम समझ गये कि इस चातुर्मास में हमारा कल्याण अवश्य होगा। उस दिन हमने अपना लिखा पत्र नहीं दिया 28 को पात्र दिया पढ़ा सोचकर बोले दांत कैसे हैं डॉक्टर से सब चैक ही गया ना। हमने कहा अब ती चने या गना भी खा सकते हैं। हमने प्रायश्चित मांग। उन्होंने समय दिया पर प्रायश्चित नहीं दिया। दूसरे दिन फिर वही दोपहर में पहुँचे। प्रायश्चित मांगा। बात टालते हुये कहा तुम्हारा कैसा कर्मोदय है महाराज तो जयपुर पहुँचे हैं तुम जयपुर के हो मैंने तुरंत कहा पूज्यश्त्री मेरा जयपुर तो आपके चरणों में है। मुस्कुरा दिये। फिर कहा चटाई का तो तुम्हारा त्याग ही है, मैंने कहा 2002 नेमावर में आपने कराया तब से त्याग चल रहा है। मैंने कहा आपसे मैंने को तत्त्वार्थ सूत्र के उपवास लिये थे 8 हो गये मात्र 2 और बचे हैं उन्होंने कहा प्रायश्चित के दिये थे क्या? मैंने महां नाहीं तो तो मेरे कहने पर आपने दिये थे। बस फिर




मीन हो जाते हैं। गुरुजी ने चतुर्दशी का उपवास माँगने पर हँसकर उपवास दिया चातुमांस की भक्ति में सभी महाराज जी के साथ हम भी बैठे गुरुजी ने कुछ नहीं कहा। साथ ही पाक्षिक मुनि प्रतिप्रमण भी किया।

दूसरे दिन प्राप्त की घटना ने तो जीवन ही बदल दिया। प्रात: 7.15 पर मधुर को भेजकर मुझे बुलवाया। गुरुजी ने पूछा- कभी बेला किया, मैंने कहा जी, पापापुरी में 48 घंटे का ध्यान लगाया तय किया था और कई बाद तेला भी किया है। उन्होंने कहा आज बेला करना है कार्योत्सर्ग करवाया हम समझ गये उन्होंने कहा अभी किसी को बताना नहीं मंदिर जाकर खूब ठाठ से पूजन विधान करो। आग की तरह यह बात पूरे संघ में फैल गयी। पूज्य मुनि श्री संभवसागरजी महाराज ने पूछा परिवारवालों की बुलाने का विकल्प तो नहीं है। मैंने तुरत कहां नहीं, क्योंकि अगर विकल्प करता तो भी में आ नहीं सकते थे। फूल्य मुनि श्री प्रसादसागरजी महराज ने वहाँ कान पूछा और किसी से खबर करवा दी। सभी ब्रह्मचारियों ने भी निवेदन किया पर दो को ही गुरु की ने आशीर्वाद दिया। फिर क्या था पंत्राज जी पारस चैनल, प्रभात जी मुम्बई आदि लोग यहीं थे। बोली उन्होंने लेकर हमसे स्वर्णपात्रों में पादप्रक्षालन एवं गुरुपूजा करवाई।

गुरुजी ने आहार के बाद केशलोंच के लिये आशीर्वाद दिया, 12 बजे मेहदी, उबटन आदि गोदभराई का कार्य, 1 बजे बिनौरी, 2.15 पर गुरुकी के साथ दाक्षा मंच पर पहुंच गये।

गुरु मंत्रों के माध्यम से संस्कार शुरू किये। मैं कृतकृत्य था, गुरुपूर्णिमा पर गुरुबरणों का। गुरु आशीर्वाद से माता-पिता बनने का सौभाग्य प्राप्त किया कनौज निवासी मुंबई प्रवासी, गुरुचरणानुरागी सवाई सिंघई सवाईमल चिंतागणी देवी के सुपुत्र श्री प्रभात-इंदु जैन को तथा प्रथम पिच्छी का अवसर पारस चैनल के डायरेक्टर श्री पंकज विशाला जैन दिल्ली को मिला। सूरत के राजाभाई को कमण्डलु एवं 7 प्रतिमाधारी महेश बिलहरा को शारव भेंट करने का सौभाग्य मिला।

पुण्य योग एवं गुरु कृपा से सफल हो गयी भावना नाम सा संधानसागर

**पूज्य महाराज श्री की डायरी से साभार**

**संकलन**

**सोनू अक्षय जैन, खजुराहो 8966012323, 8827682860**

### मुनिश्री 108 संधानसागर जी महाराज की जीवन झांकी

| | |
|---|---|
| पूर्व नाम | - बा.ब्र. रोहित भैया जी जैन (काला) |
| पिता का नाम | - श्री अशोक जी जैन (काला) |
| माता का नाम | - श्रीमती आशादेवी जी जैन (काला) |
| जन्म | - 25 सितंबर 1976 (आश्विन सुदी-2) |
| जन्म स्थान | - जयपुर (राजस्थान) |
| बचपन का नाम | - रिंकू |
| प्रतिमा व्रत | - तीन - वर्ष 2005 (जबलपुर)<br>सप्तम - वर्ष 2008 (सिलवानी) |
| लौकिक शिक्षा | - एम.कॉम., एन.डी.डी.वाई., एन.सी.सी. (ए-ग्रेड) |
| भाई | - अग्रज - मोनिक एवं अनुज - मोहित |
| त्याग | - आजीवन नमक एवं शक्कर - 2004 (अमरकंटक)<br>एक भुक्ति नियम - 2002 (नेमावर)<br>चटाई त्याग - 2002 (नेमावर)<br>केशलोंच नियम - 2008 (सिलवानी) |
| ब्रह्मचर्य व्रत | - 28 फरवरी 2002 (बंडा पंचकल्याणक - मोक्ष कल्याणक दिन) |
| वैराग्य का कारण | - संसार / शरीर / भोगों से उदासीनता |
| गृह त्याग | - 16 नवम्बर 2001 (दीपावली के दूसरे दिन) आचार्य श्री के आशीर्वाद से पूर्व में भाग्योदय तीर्थ (3 वर्ष), पूज्य प्रमाणसागरजी महाराज के संघ में (10 वर्ष), नेमावर आश्रम में (4 माह) |
| मुनि दीक्षा | - 31.07.2015 शुक्रवार, द्वितीय आषाढ़ शुक्ल 15 (गुरुपूर्णिमा) |
| मुनि दीक्षा स्थल | - श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र बीना बारहा, तह. देवरी, जिला-सागर (म.प्र.) |
| दीक्षा गुरु | - आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज |
| विशेष रुचि | - योग, सेवाकार्य, धार्मिक कार्य, विधान, संगीत और गायन |

| | |
|---|---|
| संकलित कृतियां | - बाल संस्कार सौरभ (4 भाग), आत्म आराधना, पूजा प्रसून, अभिवंदना, माण्डना, शांतिधारा, दीपावली पूजन विधि, प्रमाणिक कहानियाँ (4 भाग), प्रतिभागान, संस्कृत सूक्तियाँ सटीक परिभाषायें, आचार्यश्री के प्रवचन (11 भाग)<br>ये सभी पुस्तकें प्राप्त करें - aagamdata.blogspot.in |
| विशेष | - आपकी सीधी मुनि दीक्षा हुई |

ब्रह्मचर्य अवस्था में विशेष :

- सम्मेदशिखर जी की वंदना - 70
- पर्वतराज की परिक्रमा - 20 (लगभग)
- ध्यान का अभ्यास - 48 घंटे (पावापुरी, जलमंदिर जी)
  24 घंटे (रांची चातुर्मास)
  24 घंटे (गुणायतन शिखरजी)
  12 घंटे खड़े होकर पार्श्वनाथ टोंक शिखरजी
- मुनि अवस्था में - 24 घंटे (बीना बारहा)
  48 घंटे (रामटेक)
  36 घंटे (खजुराहो)
- इसके अतिरिक्त भी गई बार लंबे ध्यान की साधना।
- बिहार झारखंड, बंगाल में लगभग अर्धशतक से अधिक पाठशालाओं में निर्देशन देकर जीवित करने का सफल प्रयास।
- पूज्य प्रमाणसागरजी महाराज के बहुचर्चित कार्यक्रम "शंका समाधान" को शुरू कराने का श्रेय।

संकलन
सोनू-अक्षय जैन, खजुराहो
8966012323, 8827682860

# प्रधानमंत्री आवास : अंत्योदय की उपज

– अशोक बजाज/ पूर्व अध्यक्ष
जिला पंचायत रायपुर






महान विचारक एवं राजनीतिक चिंतक पं. दीनदयाल उपाध्याय ने समाज में व्याप्त आर्थिक विषमता को दूर करने के लिए 20 वी सदी में अंत्योदय के सिद्धांत का प्रतिपादन किया था. उन्होंने जब महसूस किया कि देश में अमीरी व गरीबी के बीच की खाई दिनों दिन गहरी होती जा रही है. एक ओर जहां समाज में ऐसे लोग हैं जिसके पास बेशुमार धन संपदा है वहीं दूसरी ओर एक बड़ा तबका ऐसा भी है जिसकी कमाई सीमित है, उनके लिए अपनी दैनंदिनी की आवश्यकता की आपूर्ति करना कठिन और दुष्कर है. यह तबका आर्थिक रूप से काफी पिछड़ा हुआ है । इन्हें अपनी आजीविका के लिए दूसरों पर आश्रित रहना पड़ता है. इनका अपना कोई आशियाना भी नहीं है. अंग्रेजी हुकूमत ने इस वर्ग का काफी आर्थिक शोषण किया. उस दौर में इन्हें ना ही अपने श्रम का उचित मूल्य मिलता था और ना ही सम्मानजनक जीने का अवसर. अत: ये जमीदारों व साहूकारों के चंगुल में फंस कर गरीबी, बेकारी व भुखमरी के शिकार हो गये. उन्हें अपने जीवन यापन के लिए बंधुआ मजदूरी भी करनी पड़ी. अमीरी व गरीबी की खाई के साये में सन् 1947 में आजाद भारत का जन्म हुआ लेकिन आज़ादी के बाद भी यह समस्या नासूर बनी रही. इस व्यवस्था से व्यथित पं. दीनदयाल ने कहा कि आर्थिक असमानता की खाई को पाटने के लिए आवश्यक है कि हमें आर्थिक रूप से कमजोर लोंगों के उत्थान की चिन्ता करनी चाहिए क्योंकि अर्थ का अभाव और अर्थ का प्रभाव दोनों समाज के लिए घातक है. पं. दीनदयाल उपाध्याय ने कहा कि हमारे प्रयास और हमारी विकास की योजनाएं ऐसी हों कि समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति का विकास पहले हो. समाज के उपेक्षित व शोषित व्यक्ति को समाज की मुख्य धारा से जोड़कर आर्थिक समानता स्थापित करने का काम अन्त्योदय के सिद्धांत से ही हो सकता है. पं. दीनदयाल जी ने इस आर्थिक असमानता को दूर करने के लिए ''अंत्योदय'' के सिद्धांत का प्रतिपादन करते हुए कहा कि ''हमारी भावना और सिद्धांत है कि वह मैले कुचैले, अनपढ़ लोग हमारे नारायण हैं, हमें इनकी पूजा करनी है, यह हमारा सामाजिक व मानव धर्म है. जिस दिन हम इनको पक्के सुंदर, स्वच्छ घर बनाकर देंगें, जिस दिन इनके बच्चों और स्त्रियों को शिक्षा और जीवन दर्शन का ज्ञान देंगें, जिस दिन हम इनके हाथ और पांव की बिवाईयों को भरेंगें और जिस दिन इनको उद्योंगों और धर्मो की शिक्षा देकर इनकी आय को ऊंचा उठा देंगें, उस दिन हमारा मातृभाव व्यक्त होगा।'' उनका मत था कि हमारी नीतियां, योजनाएं व आर्थिक कार्यक्रम कमजोर लोगों को ऊपर लाने की होनी चाहिए ताकि वे भी समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें और उन्हें भी समाज के अन्य वर्ग के साथ बराबरी में खड़े होने का अवसर मिल सके. आज़ादी के बाद बनी विभिन्न सरकारों ने अंत्योदय के सिद्धांत की अनदेखी की, परिणाम यह हुआ कि भारत में गरीबी बढ़ती ही गई. एक बार गरीबी हटाओ का नारा भी दिया गया लेकिन वह भी केवल नारा बन कर ही रह गया. लेकिन जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं तब से अंत्योदय के सिद्धांत का पूरी तरह पालन किया जा रहा है. देश में आज अंत्योदय के सिद्धांत से प्रेरित होकर अनेक जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित हो रही है. ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास'' के मूलमंत्र के साथ सरकारी योजनाओं के माध्यम से गरीबों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का लगातार प्रयास हो रहा है. मोदी सरकार ने सामान्य लोगों के आत्मगौरव और आत्मविश्वास को बढ़ाने तथा उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने वाली अंत्योदय प्रेरित योजनाओं पर ज्यादा ध्यान केंद्रित किया है. इन दिनों शिक्षा, स्वास्थ्य व आर्थिक विकास की असंख्य योजनाएं देश भर में चल रही है. इन योजनाओं के माध्यम से भारत के आम आदमी के जीवन-स्तर को सुधारने तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के तेजी से प्रयास हो रहे हैं.इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सन 2015 में प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुवात की थी. यह अंत्योदय प्रेरित योजना है जिसमें गरीब और बेघर लोगों को अपना खुद का घर बनाने के लिए सरकारी सहायता का प्रावधान है. इस योजना के तहत पिछले 10 सालों में पात्र गरीब परिवारों के लिए लगभग 4 करोड़ घर बनाए जा चुकें हैं. इस योजना के अंतर्गत बन रहें घरों में शौचालय एवं शुद्ध जल की व्यवस्था का भी प्रावधान है. पी.एम.ए.वाई. के तहत, लाभार्थियों का चयन सामाजिक-आर्थिक एवं जाति जनगणना (स्श्वष्टष्ट) 2011 के आंकड़ों के आधार पर किया जाता है. भारत सरकार ने अभी अभी इस योजना में बदलाव कर इसका दायरा बढ़ा दिया है. नए नियम के अनुसार जिन नागरिकों के पास टू व्हीलर, मछली पकड़ने की नाव, रेफ्रीजरेटर, लैंडलाइन फोन है या जिनकी आय 15,000 रुपए प्रतिमाह तक है उन्हें भी प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र माना जाएगा. इसके साथ साथ ही जिनके पास ढाई एकड़ सिंचित या पांच एकड़ असिंचित भूमि है, वे भी इस योजना का लाभ उठा सकेंगें. यह मोदी सरकार की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है जिसका क्रियान्वयन उन व्यक्तियों को लक्ष्य करके किया गया है जिन्हें पं. दीनदयाल उपाध्याय ने ''समाज के अंतिम व्यक्ति'' की संज्ञा देकर सबसे पहले उनके उदय (विकास) की बात रखते हुये अंत्योदय का सिद्धांत प्रतिपादित किया था. मोदी सरकार लक्ष्य अन्त्योदय, प्रण अन्त्योदय व पथ अन्त्योदय के ध्येय के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं – घर की चाबी सम्मान, आत्मविश्वास, सुनिश्चित भविष्य, नई पहचान और बढ़ती संभावनाओ के द्वार खोलती है. वास्तव में हर व्यक्ति का एक सपना होता है कि उसका स्वयं का एक पक्का आशियाना हो. मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना प्रारंभ कर गरीबों के इस सपने को साकार करने का काम किया है. पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का अंत्योदय प्रधानमंत्री आवास के रुप में फलीभूत हो रहा है. वास्तव में उनका यह सिद्धांत 21 वी सदी में विकसित भारत का आधार बन चुका है.

# प्रजातंत्र के अन्य तीन स्तंभ निष्क्रीय और खोखले

भारत की आजादी की हीरक जयंति' मनाने के बाद आज के हालातों को देखकर यह सहज ही महसूस होता है कि प्रजातंत्र की परिभाषा के चार अंगों से तीन अंग करीब-करीब निष्क्रीय हो चुके है और अब केवल और केवल न्यायपालकि ही प्रजातंत्र का मुख्य आधार स्तंभ बन गया है, जिस पर देश की जनता को आज भी पूरा भरोसा है, शेष तीन स्तंभ विधायिका, कार्यपालिका और खबर पालिका अपने मूल अस्तित्व खो चुके है और समय के साथ आज की गैर प्रजातंत्री बाढ़ के साथ बहने लगे है। सिर्फ न्यायपालिका ही है जो प्रजातंत्र की हर जरूरत पूर कर रही है और उसकी मर्यादा रख रही है। मेरी इस धारणा का ताजा उदाहरण पिछले दिनों उस समय सामने आया जब प्रधानमंत्री जी सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के निवास पर गणेशोत्सव के कार्यक्रम में शामिल हुए और महाराष्ट्र के प्रमुख राजनीतिक दल शिवसेना (उद्धव) ने इस परिदृष्य पर अनाप-शनाप टिप्पणियां की और उनके प्रवक्ता ने तो यहां तक कह दिया कि- मोदी सरकार के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में उनके द्वारा दायर मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश न करें तथा उसे किसी दूसरे न्यायाधीश को सौंप दे'', क्योंकि इस परिदृष्य को देखकर उन्हें उचित न्याय की उम्मीद नही रह गई है, किंतु सर्वोच्च न्यायालय ने दूसरे दिन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानती मामले में मोदी सरकार पर जो पूर्वाग्रह पूर्वक काम करने की टिप्पणियां की, उसने यह सिद्ध कर दिया कि व्यक्तिगत सम्बंध न्याय की गरिमा में बाधक नही बन सकते और भारतीय प्रजातंत्र में आज न्यायपालिका ही सर्वोपरी है, जो अपने धर्म व कर्तव्य का निर्वहन बड़ी ईमानदारी व निष्ठा के साथ कर रही है और न्यायपालिका ने ही प्रजातंत्र को देश में अब तक जीवित रखा हुआ है। अरविंद केजरीवाल की जमानत वाले प्रकरण में सर्वोच्च न्यायालय ने टिप्पणियां की वे भारतीय न्याय व्यवस्था को शिखर पर बैढ़ाने वाली है, इन टिप्पणियों में भारत की मुख्य सरकारी जांच एजेंसी सीबीआई (केन्द्रीय जांच संगठन) की कार्यप्रणाली को लेकर तीखी टिप्पणियां की गई है और सर्वोच्च न्यायालय की ये टिप्पणियां स्पष्ट करती है कि- सीबीआई निष्पक्ष नही है तथा वह पूर्णत: सरकार की मंशा के अनुरूप सरकार में विराजित राजनेताओं के राजनीतिक मकसदों की पूर्ति करती है।

## क्षणभर की मस्ती के पीछे अपने जीवन का विनाश न करें : मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज



**इंदौर (विश्व परिवार)।** क्षणभर की मस्ती के पीछे अपने जीवन का विनाश न करें। उपरोक्त उद्गार मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज ने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं को मौटीवेशन देते हुये व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि यंहा पर आकर आप सभी को जीवन के मूल्य का वोध कराने में मुझे भी अच्छा लग रहा है, आप सभी लोग यंहा पर अपने जीवन का एक लक्ष्य लेकर आये है, उस लक्ष्य में सभी सफल हों इसका में आपको आशीर्वाद देता हूं.उन्होंने कहा कि जीवन में असफलता क्यों मिलती है? उस पर अपना उदवोधन देते हुये कहा कि अक्सर आप लोग सेल्फ डिसीजन नहीं ले पाते और जिस और सब चल रहे है उस और चल पड़ते है जीवन में क्या उचित है या क्या अनुचित है का वोध हो जाऐ तो ज्यादा कुछ कहने या करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी उन्होंने कहा कि आत्मानुशासन आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है जब तक आपके अंदर आत्मविश्वास अर्थात सेल्फ कान्फीडेंस जाग्रत नहीं होगा तब तक आप आगे नहीं बड़ सकते और आत्म विश्वास के लिये आत्मानुशासन अर्थात सेल्फ डिसीप्लीन आवश्यक है और जब आप सेल्फ डिसीप्लीन में चलते है तो आपको सेल्फ सैटिस्फैक्शन भी आ जाता है। उन्होंने कहा आजकल लोग आत्ममुग्धता में जीते है, आत्ममुग्धता में मत जिओ मुनि श्री ने अपने चालीस मिनट के उदवोधन में छात्र एवं छात्राओं को कयी बहूमूल्य सुझाव देते हुये दिशा बोध कराया और कहा कि यह जीवन वहूत अमुल्य है सब कुछ खरीदा और बेचा जा सकता है, लेकिन जीवन को खरीदा या बेचा नहीं जा सकता आप लोग यह तो जानते ही है कि क्या अच्छा है क्या वुरा यदि आपने अंदर की बुराइयों को पहचान लिया तो जीवन में अच्छाईयां अपने आप आ जाऐंगी। ज्यादा कुछ करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस अवसर पर छात्रो ने भी प्रतिप्रश्न किये मुनि श्री ने उन सभी प्रश्नों का सटीक जबाव दिया। धर्म प्रभावना समिति के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया प्रात:6 बजे मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज एवं मुनि श्री संधान सागर जी महाराज क्षु श्री स्वरूप सागर महाराज एवं क्षु.श्री सुभग सागर महाराज मोहताभवन से पद विहार कर छावनी स्थित दि.जैन मंदिर पहुंचे एवं श्राबकों के अनुरोध पर शांतीधारा कराई तत्पश्चात देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर में पहुंचे रास्ते में जैन श्राबकों ने उनका पाद प्रछालन कर आशीर्वाद लिया। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति डा. रैणु जैन, डा.अनुपम जैन, तथा प्रोफेसर साथियों ने मुनि श्री का पाद प्रछालन एवं श्री फल समर्पित कर स्वागत किया इस अवसर पर कुलपति डा. रैणु जैन ने कहा कि मुनि श्री संघ सहित यंहा पधारे में विश्वविद्यालय परिवार की और से उनका कृतज्ञता ज्ञापित करती हूं उन्होंने कहा विश्वविद्यालय में 16 फैकल्टी है एवं 400 अधिकारी है, तथा यह विश्वविद्यालय 260 विद्यालय से सम्वंध है लगभग तीन लाख छात्रों को शिक्षा प्रदान कर रहा है। मीडिया प्रभारी राहुल जैन एवं प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया कार्यक्रम के पश्चात मुनिसंघ का प्रस्थान मोहता भवन के लिये हुआ।कार्यक्रम का संचालन डा.अनुपम जैन ने किया इस अवसर पर प्रोफेसर आशुतोष मिश्रा, प्रोफेसर अशोक शर्मा, प्रोफेसर अनंत पवार, उपस्थित थे आभार प्रोफेसर अजय वर्मा ने किया। धर्म प्रभावना समिति की ओर से उपस्थित सभी प्रोफेसर को मुनि श्री का साहित्य भेंट किया गया।इस अवसर पर धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष अशोक डोसी महोत्सव अध्यक्ष नवीन गोधा महामंत्री हर्ष जैन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। **-अविनाश जैन**

## 5 और 6 अक्टूबर को होगा नो योर आर्मी मेले का आयोजन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** राजधानी में भारतीय सेना द्वारा 5 और 6 अक्टूबर को नो योर आर्मी मेला का आयोजना किया जाएगा। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह और सेना के अधिकारियों ने इस परिपेक्ष्य में साइंस कॉलेज मैदान का मुआयना किया और चर्चा की। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने कहा कि लोक निर्माण विभाग सभी तैयारियां समय सीमा में पूर्ण करें और नगर निगम साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। यह प्रदेश में होने वाला अनोखा आयोजन है जिससे आम जनता को करीब से सेना के बारे में जानने का मौका मिलेगा। स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों को इसे दिखाने की व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, कर्नल सुमित शर्मा, कर्नल मुत्तालिक, कर्नल राजेंद्र सिंह तथा कर्नल अनुपम श्रीमाली सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस मेले में भारतीय सेना के हथियारों एवं उपकरणों का प्रदर्शन होगा जिसमे की टैंक्स, इन्फेंट्री कॉम्बैट व्हीकल्स, आर्टिलरी गन्स एवं एयर डिफेन्स गन्स शामिल होंगी।

## आचार्य श्री विमल सागर जी महाराज की जयंती पर कृष्णानगर में आयोजन



**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** आचार्य श्री विमर्शसागर जी कृत प्राकृतटीका अप्पोदया की 09 वीं वर्षगांठ पर कृष्णानगर जैन मंदिर में चातुर्मास कर रहे दिगम्बर जैन परम्परा के प्रभावी आचार्य, भावलिंगी संत श्रमणाचार्य श्री विमर्शसागर जी मुनिराज के अनुशासित चतुर्विद्य संघ की मंगल सन्निधि में आचार्य श्री आदिसागर परम्परा के सर्वमान्य आचार्य वात्सल्य रत्नाकर आचार्य श्री विमल सागर जी महामुनिराज की 109 वीं जन्म जयंती अनेक आयोजनों के साथ धूमधाम से मनाई गई।

प्रात:काल ठीक 8:30 पर धर्मसभा का शुभारंभ एक मंगल गायन को साथ हुआ। पुण्यर्जक परिवारों ने आचार्य श्री विमल सागर जी के चित्र के सन्मुख मंगलदीप प्रज्वलित कर प्रकाश की परम्परा का समादर किया, उपरांत पूज्य आचार्य श्री विमर्श सागर जी महामुनिराज के पावन चरण कमलों का प्रक्षालन एवं उनके कर कमलों में पुण्यर्जको द्वारा जिनागम भेंट किया गया। अप्पोदया की आराधना-भगवान महावीर स्वामी की दिव्य वाणी जिनवाणी या जिनागम का समय-समय पर आचार्य भगवन्तो द्वारा संरक्षण और संवर्धन किया जा रहा है। वे सभी आचार्य भगवन के श्रुतलेखन की पावन परम्परा पर बल देते रहें है। इसी आचार्यो की गौरवशाली परम्परा में 21 वीं सदी को अपने ज्ञान - लेखन और चर्या से गौरन्वित करने वाले महान दिगम्बर जैनाचार्य भावलिंगी संत श्री विमर्शसागर जी गुरूदेव द्वारा सृजित एक हजार वर्ष प्राचीन श्री योगसार ग्रंथ पर प्राकृत भाषा में अप्पोदया टीका की 09वीं वर्षगांठ पर आचार्य श्री द्वारा लिखित पाण्डुलिपियों की बड़ी ही भव्यता के साथ मंगल आराधना की गई। साथ ही वात्सल्य रत्नाकर आचार्य श्री विमलसागर जी गुरूदेव की भी अष्ट मंगल द्रव्यों से पूजन की गई। फिर विनयाञ्जलि सभा रखी गई। जिसमें ग्वालियर से पधारी डॉ. अल्पना जैन एवं ब्र. आशीष जैन द्वारा द्वारा विनयाञ्जलि प्रस्तुत की गई उपरांत आचार्य श्री विमर्श सागर जी महामुनिराज ने अपने उद्‌बोधन में कहा- आचार्य श्री विमलसागर जी महामुनिराज पंचम काल में भी चतुर्थ कालिन महासिद्धयों को धारण करने वाले महान संत थे । निमित्त ज्ञान शिरोमणी आचार्य भगवंत के मुख से निकले हुये वचन सिद्ध हो जाया करते थे। संध्या बेला में आचार्य श्री विमल सागर जी की 109 दीपथालों से मंगल आरती की गई। **-विशु दीदी**

## संक्षिप्त समाचार

### माताजी स्वाध्याय श्री एवं चर्या श्री के सानिध्य में भगवान महावीर की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई

**नवापारा राजिम (विश्व परिवार)।** नवापारा नगर में दिगंबर जैन समाज के लिए रविवार का दिन बड़ा ही विशेष रहा सर्वप्रथम सदर रोड स्थित श्री शांतिनाथ जिनालय में सभी ने बड़े ही भक्ति भाव से श्री जी का अभिषेक एवं शांति धारा किया। तत्पश्चात माताजी स्वाध्याय श्री एवम चर्या श्री के सानिध्य में बड़े ही धूमधाम से गाजे बाजे के साथ भगवान महावीर को पालकी में बिठाकर उनकी शोभायात्रा पूरे नगर में भ्रमण कराई गई। इस दिन को दूज का जुलूस के नाम से भी कहा जाता है। शोभायात्रा बस स्टैंड में अरिहंत कॉलोनी में स्थित श्री पारसनाथ जिनालय में पहुंची, वहां मंदिर के शिखर पर स्थापित होने वाले ध्वज के लिए पात्र का चयन बोली द्वारा कराया गया जिसके पुण्यार्जक नवीन सिंघई एवं विनय सिंघई परिवार रहे। तत्पश्चात शोभायात्रा गंज रोड होते हुए पुन: श्री शांतिनाथ जिनालय पहुंची। समाज के सभी लोगों ने भगवान की पालकी को अपने कंधों पर लेकर नगर भ्रमण किया। भगवान की पालकी को उठाना बड़ा ही पुण्य का काम है ऐसा पुण्यवान ही कर सकता है माताजी ने अपने संदेश में कहा। तत्पश्चात श्री जी का पुन: अभिषेक कर यथा स्थान वेदी में स्थापित किया गया। समाज के द्वारा सामूहिक भोज की व्यवस्था सदर रोड स्थित जैन भवन में की गई समाज के अनेकों लोगों ने प्रेम पूर्वक इस सामूहिक भोज का लाभ लिया। संध्या काल में निर्माणधीन वर्णीभवन में लगभग 24 महिलाओं ने 24 तीर्थंकर की माता का रोल अदा करते हुए बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति दी। इस प्रकार रविवार का दिन दिगंबर जैन समाज के लिए बड़ा ही मंगलकारी रहा। **-तुकाराम कंसारी**



### व्यंग्य संग्रह 'कल्लू कुकर के पावर' विमोचित



#### शेर खाल ओढ़े सियारों पर तीखा तीर है व्यंग -विजय अमित

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीस छटा साहित्य कला परिषद के बैनर तले वरिष्ठ रंगकर्मी साहित्यकार विजय मिश्रा अमित के व्यंग्य संग्रह कल्लू कुकुर के पावर का विमोचन प्रेस क्लब में हुआ। तैंतीस व्यंग के माध्यम से सामाजिक रीति रिवाजों, पर्वों में बढ़ती विकृतियां, अंधविश्वास के मकड़जाल और बनावटी दुनिया में जी रहे जन मन पर करारा व्यंग्य किया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ व्यंगकार रामेश्वर वैष्णव ने कहा कि केवल निजी भड़ास, आक्रोश व्यंग नहीं है। निर्मल हृदय का व्यक्ति ही हास्य लिख सकता है।

इसी क्रम में समारोह के अध्यक्ष वरिष्ठ भाषाविद डॉ. चितरंजन कर ने कहा संवेदनशील व्यक्ति ही साहित्य सृजन कर सकता है। विजय मिश्रा ने अपनी संवेदनशीलता को उजागर करते हुए भाषा मानकीकरण का पूरा ध्यान रखा है। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार गिरीश पंकज ने कहा कि छत्तीसगढ़ में गद्य से अधिक पद्य लिखा जा रहा है। ऐसे दौर में अमित की किताब कल्लू कुकुर के पावर एक नया विश्वास जगाती है। डॉ. सुरेश देशमुख, डॉ. सुधीर शर्मा, प्रेस क्लब के महासचिव डॉ. वैभव शिव पांडे ने कहा छत्तीसगढ़ कला संस्कृति के संग साहित्य का भी गढ़ है। कल्लू कुकुर के पावर छत्तीसगढ़ी व्यंग विधा में नवाचार का ताजा उदाहरण है। समारोह का रोचक संचालन विकास शर्मा ने किया। समारोह में कलम मितान सम्मान से वरिष्ठ पत्रकार साहित्यकार गुलाल वर्मा, दीनदयाल साहू सहित उमेश मिश्रा, जाबिर कुरैशी, गोविंद पटेल, अनामिका नेताम, प्रसन्न दुबे, सारिका साहू, छबिलाल साहू विकास शर्मा को विभूषित किया गया। आरंभ में अभिनव पहल करते हुए अतिथियों का स्वागत छत्तीसगढ़ी पारम्परिक पकवान से सुसज्जित बांस डलिया से किया गया।बड़ी संख्या में उपस्थित कला साहित्य बिरादरी ने इसे अनुकरणीय कहा।

## युवाओं को अच्छी धर्म प्रभावना और साधु का आदर सत्कार करना चाहिए : आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज

### गुरु के वचन आत्मा को परमात्मा के पास पहुंचाने के साधन है : आचार्य श्री



**नांदणी (विश्व परिवार)।** नांदणी में चातुर्मासिक धर्मसभा में श्रमण संस्कृती के महनीय संतो में अग्रणी संत, देश के सर्वश्रेष्ठ आगम अनुकूल चर्या शिरोमणी आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज जी ने अपने मंगल प्रवचन में कहा कि - सागर की गहराई और पर्वत की ऊंचाई जगत प्रसिद्ध है पर इन से भी गहरा और ऊंचा कोई है तो वह गुरु का धर्म उपदेश होता है। गुरु के वचन आत्मा को परमात्मा के पास पहुंचाने के साधन है। भगवान महावीर की मुद्रा ही नग्न मुनियों की मुद्रा है। गुरु भक्ति की महिमा अपरंपार है। जैन समाज के लोगों ने जैन धर्म को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा धर्म का अनुसरण किया है। श्रुत अभ्यास और आगम का ज्ञान जरूरी है।

चर्या शिरोमणी आचार्य विशुद्ध सागर महाराज जी ने कहा की सभी युवाओं को अच्छी धर्म प्रभावना और साधु का आदर सत्कार करना चाहिए। जो दूसरों से छल करते हैं, जो दूसरों को धोखा देते हैं, जो दूसरों को गिराने के लिए गड्ढा खोदते हैं, वे एक दिन स्वयं ही उस गड्ढे में गिर जाते हैं। यदि तुम शांति चाहते हो, तो दूसरों को भी शांति से जीने दो। आप दूसरों से सम्मान चाहते हो, तो सभी का सम्मान करो। सज्जन मानव ही सज्जनता से जीता है, दुर्जन उपदेश सुनकर भी सरलता पूर्वक जीवन नहीं जीता है। धर्म का उपदेश, हितकारी गुरुओं की वाणी वही श्रद्धापूर्वक सुन सकता है, जिसकी भवावलियाँ अल्प हैं। सोते हुए को पानी के छींटे मारकर जगाया जा सकता है, परन्तु सोने का नाटक करने वाले मानव को नहीं जगाया जा सकता है। शत्रुता से समता श्रेष्ठ है। वाचालता से मौन श्रेष्ठ है। ढोंग से ढंग का जीवन श्रेष्ठ है। संग्राम से समझौता श्रेष्ठ है। दान से दया श्रेष्ठ है। कलह से करुणा उत्तम है। दूसरों को झुकाना चाहते हो, तो तुम स्वयं झुकना सीखो। कुछ पाना है, तो देना सीखो। जो झुक जाता है, वह उठ जाता है। गगन-सी ऊँचाईयाँ चाहिए, तो नम्रता सीखो। मधुर भाषण, विनयशीलता, उच्च- कुलीन मानवों की कुल-विद्या है। पाप मत करो, क्योंकि तुम पाप भूल सकते हो, परन्तु पाप का फल तुम्हे नहीं छोड़ेंगें। जैसे भाव करोगे, वैसा फल प्राप्त होगा। जैसे परिणाम करोगे, वैसी भविष्य की पर्याय प्राप्त होगी। पापों से बचो, पुण्य- कार्य करो। शांति से जियो 7 दुनिया को शांति से जीने दो। कर्तापन छोड़ो, समता पूर्वक जिंदगी जियो।

**-अभिषेक अशोक पाटील**

## विद्यार्थी गुरू शिष्य परंपरा का अनुसरण कर : श्रीमती कौशल्या साय




**रायपुर (विश्व परिवार)।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में नवीन शिक्षा नीति के तहत शिक्षा सत्र 2024-25 में नव प्रवेशित स्नातक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को चार वर्षीय पाठ्यक्रम के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराने हेतु आयोजित पांच दिवसीय प्रेरण कार्यक्रम ''दीक्षा आरंभ'' के दूसरे दिन आज यहां मुख्य अतिथि के रूप में प्रेरक वक्ता श्रीमती कौशल्या विष्णुदेव साय शामिल हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने की। दीक्षा आरंभ कार्यक्रम में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अंतर्गत संचालित समस्त कृषि महाविद्यालयों के विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक ऑफलाइन अथवा ऑनलाइन शामिल हुए। श्रीमती साय विद्यार्थियों के बीच पहुंची तथा उनके साथ सेल्फी लीं। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ संवाद भी किया। श्रीमती कौशल्या साय को अपने बीच पाकर विद्यार्थी विशेषकर छात्राएं आश्चर्यचकित तथा अभिभूत हुईं। दीक्षा आरंभ समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती कौशल्या साय ने विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वे उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़े रहें तथा गुरू शिष्य परंपरा का अनुसरण करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है।

## जैन गजट के गणाचार्य श्री विरागसागर जी महाराज विनयांजलि विशेषांक का हुआ विमोचन



**लखनऊ (विश्व परिवार)।** शताधिक वर्ष प्राचीन जैन गजट के गणाचार्य श्री विरागसागर जी महाराज विनयांजलि विशेषांक का विमोचन 22 सितम्बर 2024 को आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज के प्रभावक शिष्य परम पूज्य मुनि श्री सुप्रभसागर जी महाराज, परम पूज्य मुनि श्री प्रणतसागर जी महाराज के सान्निध्य में श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सआदतगंज लखनऊ में किया गया।

इस मौके पर जैन गजट के सह संपादक डॉ सुनील जैन संचय ललितपुर ने बताया कि जैन गजट 1895 से लगातार समाज और संस्कृति की सेवा में संलग्न है। इस विशेषांक का प्रकाशन मुनि श्री सुप्रभसागर जी महाराज की प्रेरणा से किया गया है।

श्री प्रदीप पाटनी लखनऊ ने जैन गजट के आगामी 28 अप्रैल 2025 को आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज विशेषांक के रूप में प्रकाशित करने की घोषणा की। यह विशेषांक भी मुनि श्री सुप्रभसागर जी महाराज की प्रेरणा से प्रकाशित किया जाएगा।

विशेषांक का विमोचन डॉ श्रेयांस कुमार जैन बडौत, डॉ शीतल चंद्र जैन जयपुर, प्रोफेसर फूलचंद्र प्रेमी वाराणसी, डॉ नरेंद्र जैन टीकमगढ़, प्रोफेसर विजय कुमार जैन लखनऊ, पंडित विनोद कुमार जैन रजवांस, डॉ सुरेंद्र जैन भारती बुरहानपुर, डॉ सुनील जैन संचय ललितपुर, डॉ सनत जैन जयपुर, डॉ ज्योति जैन खतौली, पंडित सुनील जैन सुधाकर सागर, डॉ पंकज जैन इंदौर, डॉ आशीष जैन दमोह, पंडित अनिल जैन शास्त्री सागर, पंडित अखिलेश शास्त्री रामगडा, वर्षायोग समिति के अध्यक्ष हंसराज जैन, कार्याध्यक्ष जागेश जैन, संयोजक संजीव जैन, सआदतगंज जैन मंदिर के अध्यक्ष वीरेंद्र गंगवाल, विनय जैन, महासभा से प्रदीप पाटनी, कमल रावका आदि ने किया। एक प्रति सर्वप्रथम मुनिश्री को भेंट की गई इसके बाद सभी विद्वानों को भी प्रतियां भेंट की गईं।

**-डॉ. सुनील जैन संचय**

## महान आत्माएं खोटे कार्य करने वाले को भी गले लगाना चाहती हैं : मुनिश्री सुधासागर जी महाराज

### श्री दिगम्बर जैन महा समिति के अधिवेशन की तैयारी हुए पूर्ण

### राष्ट्रीय अधिवेशन में नारी गौरव सम्मान दिया जाएगा : विजय धुर्रा



**सागर (विश्व परिवार)।** महान आत्माएं खोटे कार्य करने वालों को भी गले लगाना चाहती है खोटे काम करने वालो को भी क्षमा कर देती हैं उन्हें सुधारना चाहते हैं उन्हें सुधरने का मौका देती है खोटे काम करने वाले अपने आप सजा प्राप्त करेंगे खोटे काम करने वाले को भी सज्जन पुरुष बचाने की कोशिश करते हैं उसके आगे झुकने में अपनी तोहिन नहीं मानते उनका उद्देश्य सिर्फ एक होता है मानवता का कल्याण हो नारायण श्री कृष्ण जी दुर्योधन के घर दूत बनकर चले गये क्या उन्हें मालूम नहीं था कि दुर्योधन दुष्ट है दूत वनना अपमान है फिर भी वे नारायण होते हुए शान्ति का प्रस्ताव लेकर दुर्योधन के समाने पहुंच गए बड़े आदमी जितने झुकते हैं उनका मान उतना ही बढ़ता चला जाता है उक्त आश्य केउद्गार भाग्योदय तीर्थ सागर में धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने व्यक्त किए।

**महिला मंडलों दारा दी जाएगी भव्य प्रस्तुतियां :** मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने बताया कि परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के सान्निध्य में होने वाले 29वे राष्ट्रीय महिला अधिवेशन में देश की नामचीन हस्तियों को महिला गौरव सम्मान दिया जाएगा जिनमें श्री मति आशा रानी पांड्या यूं एस ए सहित अन्य प्रमुख हस्तीया होगी श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती शीला डोडिया राष्ट्रीय महासचिव इन्दू गांधी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ वंदना जैन जयपुर सहित सभी प्रमुख पदाधिकारी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं इस वर्ष पांच संत्रो में से तीन संत्रो में देश की संस्कृति सभ्यता को उन्नत बनाने में योगदान सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयो पर विद्वान वक्ताओं द्वारा विशेष लेख प्रस्तुत किए जायेंगे साथ ही परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के विशेष प्रवचन का लाभ भी सभी को मिलेगा इस दौरान ध्वज प्रस्तुतियां के साथ अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां विभिन्न साखाओ दारा की जायेगी चातुर्मास कमेटी गौरव अध्यक्ष राजेंद्र जैन सुरेन्द्र कुमार बट्टू कार्याध्यक्ष राजेश एडवीना सर्वाध्यक्ष आशीष पटना महामंत्री राजकुमार मिनी मुख्य संयोजक ऋषभ बांदरी कोषाध्यक्षध सुरेन्द्र डवडेरा शिविर संयोजक साहिल डवडेरा प्रशांत जैन सानोधा अंकीत जैन ने अधिवेशन को सफल बनाने का निवेदन किया है

**जो जितना झुकेगा वह उतना ही ऊंचा उठता चला जायेगा :** धर्म सभा में मुनि पुगंव श्रीसुधासागरजी महाराज ने कहा कि शान्ति के लिए बड़े आदमी कितना ही झूका ले झुकते चले जाते हैं उन्हें वो अपमान नहीं लगता श्री कृष्ण कहते हैं कि मुझे युर्दोधन का अपमान मंजूर है लेकिन युद्ध नहीं होना चाहिए यदि युद्ध टलता है और शान्ति स्थापित होती है तो वे शान्ति दूत वनकर चल देते हैं वे जानते थे कि दुर्योधन के अहंकार में भी सारे संसार में उनका ही मान वड़ेगा अभी यहां अशोक पाटनी आयें जिस लाइन में सैकड़ों लोग लगे थे उसी लाइन में लग कर वे सेवा करने वे लाइन में खड़े रहे लोगों ने कहा कि सहाब चले भी आई पी रास्ता है लेकिन नहीं अशोक पाटनी सैकड़ों लोगों के साथ लाईन में लगकर सेवा करने पहुंचे और देशभर में चर्चा चल पड़ी है बड़े आदमी जितने झुकते चले जाते हैं उसका मान उतना ही बढ़ता चला जाता है ये हमारी सभ्यता है नारायण तो विवेकी थे बुद्धिमान थे बड़े आदमी के समाने छोटा वनना कोई बड़ी बात नहीं है छोटे आदमी के समाने छोटा वनना बड़ी बात है जो जितना झुकेगा वह उतना ही ऊंचा उठेगा। **-विजय धुर्रा**

## लोकप्रिय बनने के लिए सबसे पहले जीवन से निंदा का त्याग करो : मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी



**रायपुर (विश्व परिवार)।** श्री संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर में आत्मोल्लास चातुर्मास 2024 की प्रवचनमाला जारी है। मंगलवार को तपस्वी मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी म.सा. साहब ने कहा कि जीवन में लोकप्रिय नामक गुण होगा तो धर्म की अवश्य प्राप्ति होगी। लोकप्रियता गुण प्राप्त करने की पांच बातें प्रमुख हैं। इनमें इस लोक संबंधी- परलोक संबंधी विपरीत प्रवृत्तियों का त्याग एवं दान,शील और विनय तीन गुण का स्वीकार्य, इस तरह से व्यक्ति समाज के अंदर,संघ के अंदर लोकप्रिय बनता है और लोकप्रिय व्यक्ति को कभी भी धर्म के अंदर अड़चन नहीं आती है। मुनिश्री ने कहा कि जीवन के अंदर निंदा का त्याग अवश्य करना चाहिए। शास्त्रकार भगवंत ने इस लोक संबंधी खराब प्रवृत्तियों में निंदा को प्रमुख बताया है,बाकी सारे अवगुण हैं तो कह सकते हैं निंदा उसका मूल है। निंदा यदि जीवन में हो तो बाकी अवगुण आने में देर नहीं लगती। निंदा एक ऐसी चीज है जो हर किसी को प्रिय है। निंदा करने वाला व्यक्ति हमेशा यह सोचता है कि मैं जो कहता हूं वह सत्य होता है। किसी के बारे में मैं गलत नहीं बोलता, ऐसा व्यक्ति अपने आप को समाज के अंदर सत्यवादी तरीके से स्थापित करता है।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक विश्व परिवार



## संक्षिप्त समाचार

### नवमीं के छात्र ने की आत्महत्या

**धमतरी(विश्व परिवार)।** धमतरी में स्कूल परिसर के अंदर छात्र का सुसाइड करने का मामला सामने आया है, बताया जा रहा है कि रुद्री के एक स्कूल में कक्षा नवमी के छात्र ने आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद से हड़कंप मचा हुआ है, मामले की जानकारी मिलते ही स्कूल के आसपास लोगों की भीड़ जुट गई, वहीं डीएसपी सहित रुद्री पुलिस मौके पार पहुंचकर मामले की जांच शुरु कर दी है। जानकारी के मुताबिक रुद्री के एक स्कूल में कक्षा नवमी के छात्र ने शौचालय के अंदर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली,संस्था के प्राचार्य रामकुमार साहू ने बताया कि कक्षा नवमी का छात्र समीर साहू ग्राम भोयना निवासी था,सोमवार को वह स्कूल तो आया था लेकिन कक्षा में नहीं था,बाहर उसकी साइकिल खड़ी हुई थी,कक्षा में उसका एब्सेंट लगा हुआ था...3:30 बजे जब शौचालय में गए तो देखा तो दरवाजा बंद था, बहुत प्रयास किया फिर भी दरवाजा नहीं खुला तब बाहर वेंटिलेशन से देखने की कोशिश की गई लेकिन कोई भी नहीं दिखा, फिर वेंटिलेशन से बांस के द्वारा शौचालय के सिटकनी को खोला गया,अंदर देखा कि छात्र खुदकुशी कर चुका था। मामले की सूचना पुलिस को दी गई और उनके पिता को भी बुलाया गया।उन्होंने बताया कि बच्चा गुमसुम रहा करता था और लोगों के साथ ज्यादा मेलजोल भी नहीं रखता था,लंच के समय हुआ टिफिन भी अकेला करता था, इस संबंध में डीएसपी नेहा पवार ने बताया छात्र के आत्महत्या की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची आगे की जांच कार्यवाही की जा रही है।

### अवैध रूप से शराब पिलाने वाला युवक गिरफ्तार

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा , नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन पर शराब पिलाने एवं चखना उपलब्ध कराने वाले पर पुलिस चौकी सुकुलदैहान द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में दिनांक 22.09.2024 को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम धर्मापुर में मुख्य चौक पान ठेला के पास आरोपी अमित कुमार सोनवानी पिता स्व. नारायण सोनवानी 19 साल निवासी ग्राम धर्मापुर पुलिस चौकी सुकुलदैहान जिला राजनादगांव द्वारा अवैध धन अर्जन के उद्देश्य से शराब पिलाने एवं चखना उपलब्ध कराने की सूचना पर मुखबीर के बताये स्थान पर जाकर घेराबंदी कर रेड कर आबकारी एक्ट की धारा 36(सी) तहत कार्यवाही किया गया।

### वजन त्यौहार में ली गई बच्चों और किशोरी बालिकाओं का वजन और मापी गई ऊंचाइ

**धमतरी(विश्व परिवार)।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में जिले में वजन त्यौहार के तहत लगातार अलग-अलग स्थान में बच्चों और किशोरी बालिकाओं का वजन, ऊंचाई, लंबाई का मापन किया जा रहा है। इसमें आंगनबाड़ी के अतिरिक्त कॉलोनी, स्कूल एवं वार्ड, मोहल्ले शामिल हैं। इसी कड़ी में आज धमतरी शहर स्थित आत्मानंद स्कूल के पास 5 से 6 वर्ष के बच्चों का वजन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक एवं परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग टीम द्वारा लिया गया। इस मौके पर कुल 67 बालिका एवं 32 बच्चों का ऊंचाई और वजन माप किया गया। इसी तरह स्टेशनपारा के देवार बस्ती में कुल 21 बच्चों और बालिकाओं का माप लिया गया। वहीं सुमित बाजार धमतरी में 28 बालिका और 12 बच्चों का वजन माप हुआ। इसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जगरानी एक्का, परियोजना अधिकारी श्रीमती चित्ररेखा यादव सहित महिला एवं बाल विकास तथा शिक्षा विभाग का अमला मौजूद रहा।

### पूर्व भाजपा विधायक सुभाउ कश्यप के भाई की संदिग्ध अवस्था में मिली लाश

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** लोक निर्माण विभाग में बड़े बाबू और पूर्व भाजपा विधायक सुभाउ कश्यप के भाई श्याम कश्यप की सरकारी आवास में संदिग्ध अवस्था में लाश मिलने के बाद से ही हड़कंप मच गया है। मामला बोधघाट थाना क्षेत्र का है, यहां श्याम कश्यप अपने शासकीय आवास में रहते थे। आज उनकी मां वापस घर लौटी तो उन्होंने श्याम कश्यप की लाश देखी। मौके पर पहुंची पुलिस के अनुसार श्याम कश्यप के नाक-मुंह पर खून के निशान मिले हैं। पिछले 2-3 दिन से वे घर पर अकेले थे। आज सुबह जब उनकी मां घर आईं तो दरवाजा बाहर से खुला था। वे अंदर गईं तो उन्होंने अपने बेटे की लाश देखी। घर में जमीन पर लाश पड़ी हुई थी। नाक-मुंह से खून निकल रहा था। मौत की वजह अभी स्पष्ट नहीं हुई है। शव के पोस्टमार्टम के बाद ही इसका खुलासा हो पायेगा। मामले की सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद मामले की जाँच में पुलिस जुटी हुई है।

# कलेक्टर गांधी ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

**तालाबों का सर्वेक्षण शत-प्रतिशत करने के अधिकारियों को दिए निर्देश**



**धमतरी(विश्व परिवार)।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। इस मौके पर उन्होंने विभागों में उपलब्ध वाहनों की जानकारी ली तथा विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वाहनों की जानकारी जल्द से जल्द पोर्टल पर अपलोड किया जाए। बैठक में लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, पीएमजीएसवाई, जल संसाधन, आदिवासी विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों के कैपिटल एक्सपेंडिचर की जानकारी समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। नगरीय निकायों में संचालित स्वच्छता सर्वे अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्वच्छता संबंधी गतिविधियों को पोर्टल में एंट्री करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही राजस्व विभाग के तहत अविवादित नामांतरण, नक्शा बटाकन, सीमांकन, त्रुटि सुधार जैसे प्रकरण की लक्ष्य अनुसार प्रगति लाने कहा। उन्होंने डिजिटल क्रॉप सर्वे, पीएम आवास योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना में चल रहे कार्यों की जानकारी ली तथा पीएम विश्वकर्मा योजना के लिए प्राप्त स्वीकृत हितग्रहियों के आवेदन पर समय पर कार्यवाही करने कहा। साथ ही पीएम आवास के तहत स्वीकृत हितग्राहियों का लेआउट तैयार कर कार्य शीघ्र प्रारंभ करने की निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री गांधी ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए पोषण पुनर्वास केंद्र, डायलिसिस की संख्या, एन क्यू ए एस अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों में कुल लक्ष्य, कुल सर्टिफाइड, उपलब्धि प्रतिशत की जानकारी ली और आगामी 6 माह की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग से पीएमश्री योजना अंतर्गत चयनित शालाओं की जानकारी ली तथा कार्यों की प्रगति, उपयोगिता, सत्यापन की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। साथ ही मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्वीकृत निर्माण कार्यों की संख्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराने कहा। उल्लास कार्यक्रम, स्कूलों में जाति प्रमाण पत्र आवेदन फार्म वितरण एवं ऑनलाइन प्रविष्टि की भी कलेक्टर ने जानकारी ली। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने महतारी वंदन योजना के तहत भुगतान किए गए हितग्राहियों, मृत हितग्राहियों की संख्या की जानकारी ली एवं पात्र हितग्राहियों के खाते में राशि हस्तांतरित हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को दिए। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली।

## एलोवेरा की खेती के नाम पर 8 करोड़ की ठगी, शातिर महिला चढ़ी पुलिस के हत्थे, पांच साल से थी फरार



**सारंगढ़- बिलाईगढ़(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के सारंगढ़-बिलाईगढ़ में एलोवेरा की खेती के नाम पर 8 करोड़ की ठगी करने वाली शातिर महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला लगभग 5 वर्षों से फरार थी जिसे अब जाकर पकड़ा गया है। इस प्रकरण में पुलिस ने महिला के चार साथियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तार महिला ही पूरे प्रकरण की मास्टर माइंड है और इसकी पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। बता दें यह पूरा मामला 2019 का है। किरण साहू निवासी टुंडरी ने 30 जून 2019 को थाना बिलाईगढ़ में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि लीला वर्मा, अरुण वर्मा, उमेंद्र, अनिल कुम्भज, उमा वर्मा के द्वारा गांव के महिलाओं तथा लोगों को एलोवेरा खेती करने, रोजगार दिलाने, उनके द्वारा जमा की जाने वाली राशि पर प्रति माह 5प्रतिशत ब्याज देने का लालच दिया। आसपास के 200 ग्रामवासियों से करीब 08 करोड़ रुपए जमा कराकर फरार हो गये।प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना बिलाईगढ़ में आरोपीयों के विरूद्ध धारा 420 ,34भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के कायमी बाद से 4 आरोपी अरुण वर्मा, उमेंद्र, अनिल कुम्भज व उमा वर्मा को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था। वहीं प्रकरण की मास्टर माइंड लीला वर्मा 5 साल से फरार चल रही थी। लगातार आरोपियां की तलाश की जा रही थी। लगभग पांच साल बाद आरोपिया का इनपुट मिला। इसके बाद थाना प्रभारी प्रमोद यादव के नेतृत्व में स्पेशल टीम बनाकर भोपाल रवाना किया गया था। आरोपीया लीला वर्मा को गुलमोहर कालोनी,थाना शाहपुरा जिला भोपाल से पकड़ा गया। आरोपीया लीला वर्मा को थाना बिलाईगढ़ लाकर पूछताछ पश्चात रविवार को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर न्यायिक रिमांड लेकर जेल दाखिल किया गया है।

## एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय दंतेवाड़ा में छात्रों को क्षय रोग के प्रति किया गया जागरूक

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला क्षय अधिकारी के मार्गदर्शन में केंद्र एवं राज्य सरकार के दिशा निर्देशानुसार एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय दंतेवाड़ा में क्षय रोग के प्रति जन जागरूकता चलाया गया। प्रधानमंत्री के मंशा अनुरूप 2025 तक क्षय मुक्त भारत लक्ष्य के तारतम्य में दंतेवाड़ा जिले अंतर्गत पिरामल स्वास्थ्य के द्वारा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय दंतेवाड़ा में विद्यार्थियों को क्षय रोग की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि क्षय एक संक्रामक बीमारी है जो कि हवा के माध्यम से सक्रिय जीवाणु एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को संक्रमित करते है। मुख्य रूप से क्षय रोग के दो प्रकार, पल्मोनरी, एक्स्ट्रा पल्मोनरी, होते है। क्षय रोग से संक्रमित व्यक्ति के प्रमुख लक्षणों में लगातार दो सप्ताह से ज्यादा खांसी, शाम को तेज बुखार आना, भूख कम लगना, लगातार वजन घटना, छाती में दर्द होना, रात को पसीना आना, बलगम के साथ खून आना इत्यादि शामिल है इसके साथ ही इसके इलाज की भी विस्तृत जानकारी दी गई कि इस बीमारी का सभी शासकीय अस्पताल में या निजी चिन्हित अस्पतालों में निशुल्क इलाज होता है और मरीज कम से कम 6 माह तक इसकी दवाई (डॉट्स) का सेवन करके इस बीमारी से छुटकारा पा सकते है। छात्रों को यह भी बताया गया कि किसी व्यक्ति या छात्र में उक्त लक्षण दिखने पर तत्काल अपने शिक्षक या मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु प्रेरित करें। इस कार्यक्रम में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय प्राचार्य डॉ दीपक कुमार, उपप्राचार्य प बीपी मिश्रा, एनटीईपी कार्यक्रम से पीएमडीटी समन्वय सूरज सिंह, पिरामल स्वास्थ्य से जिला कार्यक्रम अधिकारी रवि प्रताप सिंह,समस्त शिक्षक, के उपस्थित थे।

## कच्चे मकान के भय से मुक्त होकर अब चैन से सोता हैं सुंदरलाल

**मोहला(विश्व परिवार)।** समाज में किसी व्यक्ति की पहचान उसके खान-पान, कपड़े और मकान से बनती है। यह तीन चीजें जीवन की नितांत आवश्यकताओं में शामिल है। इसके बिना जीवन की धारा को गति देना संभव नहीं हो पता है। जीव-जंतु हो या पशु-पक्षी या इंसान, चैन के साथ रहने के लिए एक आशियाने की आवश्यकता होती है। अपना खुद का मकान होना हर इंसान का एक सपना होता है। इसके बगैर कोई भी इंसान चैन की नींद नहीं सो पता है। ऐसे बेघर लोगों के सपनों को पंख देने का काम प्रधानमंत्री आवास योजना कर रहा है। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत विकासखंड मानपुर के ग्राम पंचायत टोहे निवासी सुंदरलाल का सपना साकार हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना से सुंदरलाल को पक्का आवास मिला है। उनसे बात करने पर उन्होंने बताया कि उनका मकान पहले कच्चा था, जिसमें पूरे परिवारजन को बारहों महीने रहने में परेशानी होती थी। सर्व सुविधा युक्त प्रधानमंत्री आवास योजना मिलने से उसके जीवन को एक नया पंख मिला है, और वह चैन की नींद सो पाता है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना मिलने से उसके जीवन में एक नया उजियारा आया है और उसे रात में बेचौनी से गुजरना नहीं पड़ता है।

## पितरों का स्मरण कर, जो कार्य किए जाते हैं, वे सदा ही शुभ फलदायी होते-पंडित प्रदीप मिश्रा

**धमतरी(विश्व परिवार)।** कथाकार पंडित प्रदीप मिश्रा के अनुसार, यह गलत धारणा है कि पितृ पक्ष में किसी भी सामग्री को खरीदना शुभ नहीं होता है। पितरों का स्मरण कर, जो कार्य किए जाते हैं, वे सदा ही शुभ फलदायी होते हैं। छत्तीसगढ़ के धमतरी में एक कथा आयोजन के दौरान उन्होंने कहा कि चाहे वह भजन-कीर्तन हो या अन्य कोई भी कार्य, हृदय से, विश्वास से उस कार्य को करेंगे, तो जीवन में सदा सुख होगा। कथाकार प्रदीप मिश्रा ने कहा कि कपड़ों को रोज जिस तरह झटककर पहना जाता है, उसी तरह मन को भी अहंकार और अभिमान से झटकार दीजिए। जितना अहंकार व अभिमान भीतर रहेगा, परमात्मा उतने ही दूर होते जाएंगे। लोग इस भ्रम में जीते हैं कि मंदिर में भगवान शंकर में कुछ नहीं चढ़ाएंगे तो वे रुष्ट हो जाएंगे, लेकिन आप भूल रहे हैं कि भगवान कभी रूष्ट नहीं होते हैं। भगवान शंकर को बेलपत्र और जल चढ़ाओ या नहीं, वे कभी भी रूष्ट नहीं होते हैं। मन से शिव का स्मरण करो। भजन व गुणगान कर रहे हो तो भगवान मिलेगा। भगवान शंकर के मंदिर में कभी भी संकोच से मत जाना। भगवान शंकर भोले हैं, जब चाहो, जब रिझाओ वे मिल जाएंगे। पंडित मिश्रा ने लोगों को मद से दूर रहने की भी सीख दी। उन्होंने कहा कि मदिरा और पराई स्त्री केवल नाश करेगी। नशे करने वालों के पुत्र, पुत्री, पत्नी सहित स्वजन को सम्मान नहीं मिलता। पत्नी को मायके में भी सम्मान नहीं मिलता। मां को सम्मान नहीं मिलता। लोग कहते हैं कि नशेड़ी की मां, पुत्री, पत्नी, पुत्र जा रहे हैं। यह गलत धारणा है कि भोलेनाथ नशा करते हैं। उन्होंने कभी भी नशा नहीं किया। कहा जाता है कि वे भांग पीते हैं, लेकिन शिवपुराण समेत किसी भी शास्त्र में ऐसी कोई बात नहीं लिखी मिलती है। भगवान शंकर तो केवल भगवान राम व कृष्ण के नशे में डूबे थे। पंडित मिश्रा ने कहा कि राज्य शासन सहित पुलिस-प्रशासन के द्वारा नशामुक्ति अभियान चलाया जाता है, वह प्रशंसनीय है।

# विद्यार्थी जीवन व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण कालखंड, इसका सदुपयोग करें - पारख

**जिला मुख्यालय राजनांदगांव सहित डोंगरगांव, अंबागढ़ चैकी एवं अन्य छात्रावासों के विद्यार्थी हुए शामिल**



**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** प्रदेश के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं राज्य बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष श्री खूबचंद पारख ने कहा कि विद्यार्थी जीवन व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण कालखण्ड है। उन्होंने विद्यार्थियों को इस महत्वपूर्ण समय का सदुपयोग कर अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए मार्ग प्रशस्त करने को कहा। श्री पारख रविवार 22 सितम्बर को शासकीय पोष्ट मैट्रीक आदिवासी बालक छात्रावास महेश नगर राजनांदगांव में आयोजित छात्रसंघ शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। वे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम राजनांदगांव के नेता प्रतिपक्ष श्री किसुन यदु ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त उप पुलिस महानिरीक्षक श्री आरएस नायक एवं श्री डीआर आचला सहित गोंडवाना समाज के पूर्व संभागीय अध्यक्ष श्री जगत सलामे, कार्यक्रम के संयोजक एवं जनसंपर्क अधिकारी जिला बालोद श्री चंद्रेश ठाकुर, छात्रावास एलुमनि के अध्यक्ष श्री अरविन्द गोटे, छात्रावास के भूतपूर्व छात्र श्री पवन तुलावी, श्री रामसिंह मण्डावी, श्री धरमू किरंगे, श्री मन्नेसिंह मण्डावी, श्री रायसिंह कोटपरिया, श्री रोहित घराना, श्री नंदकिशोर धूर्वे, श्री बिद्दू कोमरे, छात्रावास अधीक्षक श्री पुरेन्द्र महिलांगे सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खूबचंद पारख के द्वारा छात्रावास के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री कैरल्स कोठारी एवं अन्य पदाधिकारियों को शपथ दिलाकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर श्री पारख ने कहा कि विद्यार्थी जीवन निरंतर ज्ञानार्जन के अलावा त्याग और तपस्या का भी समय है। हमारे विद्यार्थी इस पल का जितना सदुपयोग करेंगे उतना ही उनका आने वाले कल सुखद एवं बेहतर होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को पूरे मनोयोग से कठिन परिश्रम कर जीवन में उपलब्धि हासिल करने नैतिक एवं मानवीय मूल्यों तथा सदाचरण को आत्मसात कर अपने बुद्धि एवं सामर्थ्य का उपयोग राष्ट्र व समाज के हित में करने को कहा।

## आबकारी विभाग ने 12 लीटर महुआ शराब की जप्त

**जशपुर(विश्व परिवार)।** जशपुर में अवैध शराब निर्माण एवं वितरण के विरूद्ध राज्य शासन के सख्त दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत कलेक्टर जशपुर डॉ0 रवि मित्तल के मार्गदर्शन में उपायुक्त आबकारी विजय सेन शर्मा के निर्देशानुसार अवैध शराब की सूचना पर शनिवार को कार्यवाही की गई। जिसमें जिला आबकारी अधिकारी जिला आबकारी अधिकारी महिमा पट्टावी के निर्देश पर आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल ने कार्यवाही की। जिसमें कांसाबेल वृत्त के आबकारी उपनिरीक्षक मनोहर लाल कहार द्वारा दल के साथ अवैध शराब धारण करने वाले ग्राम कोंगाबहरी निवासी 26 वर्षीय आरोपी रितेश साहू पिता कामता साहू के विरूद्ध कार्यवाही की गई। जहां मौके पर 12 लीटर महुआ शराब प्राप्त हुई, जिस पर आबकारी अधिनियम 34(2) एवं 59(क) के तहत प्रकरण कायम कर अवैध शराब जप्त करते हुए आरोपी को जेल में दाखिल किया गया है।

# कानपुर टेस्ट में कुलदीप यादव को प्लेइंग-11 में शामिल करने की मांग



## पूर्व भारतीय खिलाड़ी संजय मांजरेकर ने जमकर सराहा

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय टीम अब बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की तैयारियों में जुट गई है। पहला मैच जीत चुकी रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम अब 27 सितंबर से कानपुर में दूसरा टेस्ट खेलेगी। इस बीच, टीम के पूर्व खिलाड़ी और कमेंटेटर संजय मांजरेकर ने कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को प्लेइंग-11 में शामिल करने की मांग की है। पहले टेस्ट में भारत को मिली जीत के बाद मांजरेकर ने कुलदीप को चेन्नई टेस्ट में मौका नहीं देने पर निराशा व्यक्त की। कुलदीप ने 2017 में डेब्यू करने के बाद से भारत के लिए 12 टेस्ट मैच खेले हैं और 53 विकेट अपने नाम किए हैं। कुलदीप कई सीरीज में भारत के लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी रहे हैं। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान भी कुलदीप ने शानदार प्रदर्शन किया था और चार मैचों में 19 विकेट झटके थे। इसके अलावा उन्होंने निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए कुछ उपयोगी पारियां खेली थी। हालांकि, शानदार ट्रैक रिकॉर्ड के बावजूद उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच से बाहर किया गया। भारत ने इस मैच में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप जैसे तीन गेंदबाजों के साथ उतरने का फैसला किया था। मांजरेकर ने हालांकि, इस फैसले की आलोचना की और कहा कि भारत ने कुलदीप को नहीं खिलाकर मौका गंवाया है। मांजरेकर ने कहा, मुझे लगता है कि कुलदीप यादव को इतनी आसानी से बाहर नहीं बैठाना चाहिए था। भले ही पिच टर्निंग नहीं थी, लेकिन भारत को कुलदीप को लेने से फायदा होता। तेज गेंदबाजों को भारतीय पिचों पर एक या डेढ़ दिन तक ही मदद मिलती है, इसके बाद स्पिनरों को फायदा मिलने लगता है। ऐसे में जब आपके पास कुलदीप यादव जैसा गेंदबाज होता है तो आपको उन्हें आसानी से बाहर नहीं करना चाहिए। भारत कानपुर टेस्ट के लिए तैयारी कर रहा है, ऐसे में मांजरेकर ने भारतीय टीम प्रबंधन से कुलदीप को बाहर बैठाने के फैसले पर दोबारा विचार करने के लिए कहा है। मांजरेकर का कहना है कि भले ही पिच शुरुआत में ग्रीन दिखे, लेकिन कुछ घंटे में बाद इस पर स्पिनरों को फायदा मिलेगा जिससे कुलदीप काफी फायदेमंद साबित हो सकते हैं। मांजरेकर ने कहा, भारत को कानपुर में इसी शैली के साथ उतरना चाहिए। अगर पिच पर घास रहे और धूप निकली रहे तो भी उन्हें यह बात दिमाग में रखनी चाहिए कि यह बस पहले कुछ घंटे फायदा देगा और इसके लिए मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह काफी होंगे। जब आपके पास तीन अच्छे स्पिनर हैं तो आपको तीनों के साथ खेलने उतरना चाहिए।

# व्यापार समाचार

## भारत का रेडीमेड गारमेंट्स निर्यात बढ़कर 6.4 अरब डॉलर हुआ

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** वैश्विक तनावपूर्ण माहौल के बीच भी रेडीमेड गारमेंट (आरएमजी) निर्यात में चालू वित्त वर्ष के अगस्त में सालाना आधार पर 11.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 के अप्रैल-अगस्त की अवधि के बीच भारत का आरएमजी निर्यात करीब 6.4 अरब डॉलर रहा है। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के मुताबिक, भारत के आरएमजी निर्यात में ऐसे समय पर वृद्धि हुई है, जब रेड सी क्राइसिस के कारण लॉजिस्टिक लागत में इजाफा हो गया और वैश्विक स्तर पर तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। एईपीसी के चेयरमैन सुधीर सेखरी ने कहा कि भारत के आरएमजी निर्यात में अप्रैल से अगस्त 2024 के बीच औसत 7.12 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली है। रेडीमेड गारमेंट के निर्यात में वृद्धि जब हो रही है, तब वस्तुओं का निर्यात गिरकर अगस्त में 13 महीने के निचले स्तर को छू गया है। आगे कहा, इंडस्ट्री को मजबूत देखना काफी उत्साहजनक है। उत्पाद की गुणवत्ता के साथ-साथ पर्यावरण और सामाजिक अनुपालन पर ध्यान देने के साथ इंडस्ट्री उच्च वृद्धि दर और परिधान निर्यात का एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बनने के लिए तैयार है। एईपीसी के जनरल सेक्रेटरी मिथिलेश्वर ठाकुर ने कहा, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में हमारा निर्यात जापान, कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, मॉरीशस और नॉर्वे में क्रमशः 7.7 प्रतिशत, 16.8 प्रतिशत, 12.5 प्रतिशत, 6.6 प्रतिशत और 17.3 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। एईपीसी ने आगे कहा कि यह अधिक श्रम क्षमता ग्रहण करने वाला सेक्टर है, जो भारत डेमोग्राफिक डिविडेंड का फायदा उठाते हुए विकास के लिए तैयार है। इंडस्ट्री को ऐसे में सरकार के समर्थन की आवश्यकता है, क्योंकि वैश्विक परिस्थिति बदलने के कारण दुनिया अपने पारंपरिक आपूर्तिकर्ताओं से हटकर भारत को विकल्प के तौर पर देख रही है।

## शेयर बाजार ने खुलते ही बनाया नया रिकॉर्ड, ऑटो शेयरों में तेजी

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में नए रिकॉर्ड हाई पर खुला। शुरुआती कारोबार में ही सेंसेक्स और निफ्टी ने क्रमशः 84,843 और 25,903 का नया ऑल-टाइम हाई बनाया। सुबह 9:23 पर सेंसेक्स 243 अंक या 0.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 84,787 और निफ्टी 101 अंक या 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,901 पर था। शुरुआती सत्र में बाजार का रुझान भी सकारात्मक था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1654 शेयर हरे निशान में और 580 शेयर लाल निशान में थे। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 244 अंक या 0.41 प्रतिशत की तेजी के साथ 60,453 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 135 अंक या 0.70 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,467 पर था। एनएसई पर ऑटो, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, इन्फ्रा, पीएसई और ऑयल एंड गैस सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे। केवल प्राइवेट बैंक इंडेक्स में ही लाल निशान में कारोबार हो रहा था। डिस्काउंट ब्रोकर स्टॉककार्ट के मुताबिक, तेजी से खुलने के बाद निफ्टी के लिए 25,400 और 25,200 एक अहम सपोर्ट है। 25,800 एक रुकावट का स्तर है। ट्रेंड बुलिश बना हुआ है। आने वाले दिनों में निफ्टी 26,000 और 26,400 को भी छू सकता है। सेंसेक्स पैक में एमएंडएम, भारती एयरटेल, एसबीआई, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा स्टील, नेस्ले, टाटा मोटर्स , बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक और सन फार्मा टॉप गेनर्स थे। आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक, जेएसडब्ल्यू स्टील, इन्फोसिस, पावर ग्रिड और एशियन पेंट्स टॉप लूजर्स थे। एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार हो रहा है।

## TATA.ev ने इलेक्ट्रिक गाड़ियों की कीमतों में कटौती कर 'फेस्टिवल ऑफ कार्स का जश्न मनाया

**नईदिल्ली।** भारत में इलेक्ट्रिक गाड़ियों में बड़ा बदलाव लाने वाले TATA.ev ने अपने 'फेस्टिवल ऑफ कार्स' के तहत Tiago.ev, Punch.ev और Nexon.ev की कीमतों में बड़ी कटौती की घोषणा की है। यह अब तक की सबसे बड़ी कटौती है। इलेक्ट्रिक गाड़ियां अब ज्यादा से ज्यादा लोगों की पहुंच में हों, इसके लिए ह्द्ग×श्ठ्.द्ग1 की कीमत में 3 लाख रुपये तक और Punch.ev की कीमत में 1.20 लाख रुपये तक की कटौती की गई है। TATA.ev ने स्थानीयकरण और तकनीकी सुधारों से मिले फायदे सीधे ग्राहकों तक पहुंचाए हैं। हाल ही में लॉन्च हुई Curvv.ev की कीमतें भी अब पेट्रोल-डीजल गाड़ियों के बराबर हो गई हैं। Nexon.ev की कीमत भी थोड़े समय के लिए पेट्रोल और डीजल मॉडल के बराबर कर दी गई है। साथ ही, Punch.ev और Tiago.ev की कीमतें भी इस फेस्टिव ऑफर के तहत पेट्रोल-डीजल मॉडल्स के करीब आ गई हैं। इन आकर्षक कीमतों के अलावा, उपभोक्ता को इलेक्ट्रिक कार की आरामदायक और शांत ड्राइविंग का अनुभव मिलेगा, साथ ही दो सेगमेंट ऊपर के फीचर्स का भी आनंद उठा सकेंगे। इसके अलावा, ग्राहक देशभर में मौजूद टाटा पावर के 5,500 से ज्यादा चार्जिंग पॉइंट्स पर अपनी कार को छह महीने तक मुफ्त में चार्ज कर सकेंगे। इससे शहर के अंदर और दूसरे शहरों की यात्रा करना आसान होगा, क्योंकि चार्जिंग का कोई खर्च नहीं लगेगा। अब टाटा ईवी खरीदने का यह सही मौका है, क्योंकि यह स्पेशल फेस्टिव ऑफर सिर्फ 31 अक्टूबर 2024 तक उपलब्ध है। टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के चीफ कमर्शियल ऑफिसर, श्री विवेक श्रीवत्स ने इस फेस्टिव ऑफर की घोषणा करते हुए कहा, "TATA.ev का मुख्य उद्देश्य इलेक्ट्रिक गाड़ियों को ज्यादा सुलभ और आम लोगों के लिए उपलब्ध कराना है। हम थोड़े समय के लिए इन कारों की कीमतों में कटौती करके ईवी को पेट्रोल और डीजल कारों की कीमतों के बराबर ला रहे हैं, ताकि ज्यादा लोग इसे अपना सकें। अब ग्राहक हमारे हाई परफॉर्मेंस वाली, शून्य कार्बन उत्सर्जन करने वाली, और बिना शोर की इलेक्ट्रिक गाड़ियों का आनंद उठा सकते हैं। इन गाड़ियों की ड्राइविंग भी किफायती होगी, और उन्हें मुफ्त पब्लिक चार्जिंग का फायदा भी मिलेगा।

# पहला टेस्ट: प्रभात जयसूर्या ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली बार लिए 5 विकेट



**नईदिल्ली( एजेंसी )।** श्रीलंका क्रिकेट टीम ने सीरीज के पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को 63 रन से हरा दिया।जीत के लिए मिले 275 रन के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए कीवी टीम 211 रन पर ढेर हो गई।मेहमान टीम की दूसरी पारी को समेटने में प्रभात जयसूर्या की अहम भूमिका रही। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने न्यूजीलैंड की दूसरी पारी में 5 विकेट चटकाए। मैच की चौथी पारी के दौरान स्पिन के लिए मददगार नजर आ रही गॉल स्टेडियम की पिच पर जयसूर्या का जादू देखने को मिला।32 वर्षीय इस गेंदबाज ने दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन (30) को अपनी फिरकी के जाल में फंसाया।इसके बाद उन्होंने टॉम ब्लंडेल (30), ग्लेन फिलिप्स (4), रचिन रविंद्र (92) और विलियम ओरूर्के (0) को अपना शिकार बनाया।उन्होंने 30.4 ओवर में 68 रन देते हुए 5 विकेट लिए। जयसूर्या ने अपने टेस्ट करियर में 8वीं बार 5 विकेट हॉल हासिल किया।उन्होंने अब तक 15 टेस्ट की 28 पारियों में 29.27 की औसत के साथ 88 विकेट लिए हैं।इस बीच पारी में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 52 रन देते हुए 7 विकेट लेना रहा है।उन्होंने अपने प्रथम श्रेणी करियर में 101 मैच खेले हैं, जिसकी 167 पारियों में 26.65 की औसत के साथ 425 विकेट लिए हैं। जयसूर्या ने न्यूजीलैंड के खिलाफ किसी पारी में पहली बार 5 विकेट हॉल लेने का कारनामा किया है। उन्होंने कीवी टीम के विरुद्ध 3 टेस्ट की 5 पारियों में 32.92 की औसत के साथ 13 सफलताएं हासिल की हैं।उन्होंने दूसरी पारी में 5 विकेट लेने से पहले न्यूजीलैंड की पहली पारी के दौरान 4 विकेट चटकाए थे।वह इस मैच में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज साबित हुए। श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में कामिंदु मेंडिस के शतक (114) की मदद से 305 रन बनाए।जवाब में न्यूजीलैंड की टीम ने 340 रन बनाते हुए बढ़त हासिल की।

# बांग्लादेश के खिलाफ भारतीय टीम की जीत पर खुश हुए मुख्य कोच गंभीर



**चेन्नई( एजेंसी )।** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई में खेले गए पहले टेस्ट मैच में टीम के प्रदर्शन से काफी खुश हैं। हाल ही में कोच की जिम्मेदारी संभालने वाले गंभीर ने भारतीय खिलाड़ियों की सराहना की है। गंभीर की यह कोच के रूप में पहली टेस्ट जीत है। रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम ने बांग्लादेश को पहले टेस्ट के चौथे ही दिन 280 रनों से हराकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दोनों टीमों के बीच अब अगला टेस्ट कानपुर में 27 सितंबर से खेला जाएगा। भारत की जीत के बाद गंभीर ने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी साझा की और लिखा, %शानदार शुरुआत, बहुत खूब लड़कों।% उन्होंने इसके साथ ही भारतीय टीम की एक फोटो भी शेयर की। गंभीर के कार्यकाल की शुरुआत जुलाई-अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ हुई सीमित ओवरों की सीरीज से हुई थी। भारत ने उस दौरे पर श्रीलंका को टी20 मैचों में 3-0 से हराया था, लेकिन वनडे सीरीज 0-2 से हार गई थी। हालांकि, गंभीर के टेस्ट प्रारूप में कार्यकाल की शुरुआत सकारात्मक तरीके से हुई है। पहले टेस्ट मैच में भारतीय टीम के अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने ऑलराउंड प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। उन्होंने पहली पारी में विषम परिस्थितियों में शतक जड़ा और रवींद्र जडेजा के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिए 199 रनों की साझेदारी की। इसके बाद दूसरी पारी में गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन किया और छह विकेट झटक कर बांग्लादेश को धूल चटाई। अश्विन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। टेस्ट में यह 10वीं बार था जब अश्विन को यह पुरस्कार दिया गया।

# आईफोन 16 सिरीस को इंडिया में मिल रहा दमदार रिस्पॉन्स, इस मॉडल की मांग सबसे ज्यादा




**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय स्मार्टफोन मार्केट में प्रीमियम फोन की मांग बढ़ाने का सीधा फायदा आईफोन 16 सीरीज को मिल रहा है। बाजार में प्रो मॉडल की मांग सबसे ज्यादा देखने को मिल रही है। ट्रेड एक्सपर्ट्स के मुताबिक, पिछली अन्य सीरीज के मुकाबले देश में आईफोन 16 की प्रो और प्रो मैक्स सीरीज की अधिक मांग देखी जा रही है। इसकी वजह आकर्षक फाइनेंसिंग ऑफर और नए और एडवांस आईफोन का लोगों में बढ़ता रुझान है। आईफोन 16 सीरीज के सबसे ऊंचे मॉडल प्रो और प्रो मैक्स की मांग में टियर 2 और टियर 3 शहरों में भी तेजी देखी जा रही है। नई आईफोन 16 सीरीज में बड़ी डिस्प्ले, इनोवेटिव प्रो कैमरा फीचर्स, गेमिंग के लिए अच्छे ग्राफिक्स और ए18 प्रो चिप दी गई है। 6.9 इंच स्क्रीन वाले आईफोन 16 प्रो मैक्स मॉडल में कैमरा कंट्रोल दिया गया है, जिसकी वजह से वह तेजी से अनलॉक हो सकता है। इसमें 48 मेगापिक्सल का नया फ्यूजन कैमरा क्वाड-पिक्सल सेंसर के साथ दिया गया है जो कि 4के120 एफपीएस की वीडियो रिकॉर्ड कर सकता है। नई आईफोन सीरीज में सुपर रेटीना एक्सडीआर डिस्प्ले दी गई है। इसमें हमेशा-ऑन और प्रोमोशन जैसी टेक्नोलॉजी भी दी गई हैं। इस डिवाइस के साथ इंडस्ट्री की लीडिंग ड्यूरेबिलिटी, लाइटवेट टाइटेनियम डिजाइन मिलता है। एप्पल द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, नई ए18 प्रो चिप यूजर्स को आईफोन में अब तक का सबसे अच्छा अनुभव प्रदान करती है। इसका नया 16-कोर का नेचुरल इंजन पहले की किसी अन्य पीढ़ी के मुकाबले अधिक सक्षम और तेज है। यह एप्पल इंटेलिजेंस के लिए काफी अच्छी क्षमता प्रदान करता है। नई आईफोन सीरीज में कुल सिस्टम मेमोरी बैंडविड्थ में 17 प्रतिशत का इजाफा किया गया है, जो कि इसे अब तक का सबसे तेजी आईफोन बनाता है और लिखने के टूल्स और इमेज प्लेग्राउंड आदि का उपयोग करते समय तेज अनुभव प्रदान करता है और यह यूजर्स को आश्चर्यजनक ग्राफिक्स प्रदान करने में भी मदद करता है।

## आईआईएम रायपुर और एकेडमी ऑफडिजिटल हेल्थ साइंसेज ने फाउंडर्स और सीईओ के लिए एक्जीक्यूटिव लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम के दूसरे बैच की घोषणा की

**रायपुर-** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफमैनेजमेंट (आईआईएम) रायपुर ने महत्वाकांक्षी फाउंडर्स, सीईओ और सीनियर मैनेजमेंट के लिए एक्जीक्यूटिव लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम के दूसरे बैच की घोषणा की है। इस प्रोग्राम के लिए संस्थान ने एकेडमी ऑफ डिजिटल हेल्थ साइंसेज के साथ साझेदारी की है। इस प्रोग्राम के लिए आवेदन 1 अगस्त 2024 से शुरू हो गए हैं। प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम में पूर्व-रिकॉर्ड किए गए सत्रों के व्याख्यान शामिल किए गए हैं, जो प्रतिभागियों को अपनी गति से सीखने की अनुमति देते हैं। इसके अतिरिक्त, केस स्टडीज़ वास्तविक दुनिया से जुड़ा विजन प्रदान करेंगी, जबकि लाइव इंटरैक्शन संकाय और उद्योग विशेषज्ञों के साथ जुड़ाव को बढ़ावा देंगे। सीखने के अनुभव को और समृद्ध करने के लिए, आईआईएम रायपुर में आयोजित इमर्सिव वर्कशॉप व्यावहारिक प्रशिक्षण और व्यावहारिक प्रदर्शन प्रदान करेंगे। इस तरह के प्रशिक्षण के जरिये प्रतिभागियों को अपने उद्यमशीलता के विचारों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए तैयार किया जाएगा। उम्मीदवारों का मूल्यांकन क्विज़ और केस स्टडी के आधार पर किया जाएगा। आईआईएम रायपुर के निदेशक डॉ. राम कुमार काकानी ने इस प्रोग्राम को लेकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, ''यह बहुत खुशी का दिन है क्योंकि दोनों संस्थानों ने छोटे, लघु और मध्यम अस्पतालों (एमएसएमएच) को देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में अत्यंत महत्वपूर्ण माना है। हम जानते हैं कि इन अस्पतालों ने ही देश की व्यापक आबादी के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को संभव बनाया है और इसे सभी नागरिकों के लिए टिकाऊ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस लिमिटेड ने लीडिंग स्वीडिश कंपनी के साथ महत्वपूर्ण कॉन्ट्रैक्ट प्राप्त किया

**रायपुर।** टेक्नोलॉजी-इनेबल्ड बिज़नेस प्रोसेस मैनेजमेंट सर्विसेज़ में लीडिंग प्रोवाइडर, वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस लिमिटेड (एनएसई) ने मुख्य सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध स्वीडिश कंपनी के साथ एक महत्वपूर्ण कॉन्ट्रैक्ट पाने की घोषणा की है। यह पार्टनरशिप ग्लोबल मार्केट में कंपनी की बढ़ती उपस्थिति को रेखांकित करती है, जो टॉप-नोच टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस देने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। स्वीडन, भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका सहित एक विशाल अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति वाले ग्राहक ने अपनी व्यापक तकनीकी क्षमताओं के लिए वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस को मान्यता दी है। ग्राहक ने कंपनी को तीन प्रमुख डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स दिए हैं, जो वन पॉइंट वन सॉल्यूशन की अपने ऑपरेशंस को बढ़ाने की क्षमता में उनके विश्वास को दर्शाता है। कस्टमर स्पेसिफिकेशन ऐप्लिकेशन : डिपार्टमेंट्स में टिकट मैनेजमेंट को सुव्यवस्थित करने, सीमलेस कम्युनिकेशन को सक्षम करने और एक व्यापक ज्ञान भंडार बनाने के लिए तैयार किया गया यह एक मज़बूत प्लेटफार्म है।

**पेरोल मैनेजमेंट प्लेटफ़ॉर्म :** पेरोल डेटा मैनेजमेंट के लिए एक व्यापक समाधान जो सुरक्षित यूज़र पहुंच और पेरोल इन्फॉर्मेशन की एफिशिएंट प्रोसेसिंग सुनिश्चित करता है। इंडस्ट्रीयल फ्लो हीटर के लिए यूज़र एक्सपीरियंस ऐप: एक इंटरैक्टिव एप्लिकेशन जो यूज़र को निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में सुधार करते हुए डेटा को प्रभावी ढंग से देखने और हेर-फेर करने की अनुमति देता है। वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर , श्री अक्षय छाबड़ा ने कहा कि, यह कॉन्ट्रैक्ट हमारी एक्सपेंशन स्ट्रेटजी में एक महत्वपूर्ण क्षण है। अमेरिकी बाज़ार अवसरों से भरा हुआ है, और हमारी हालिया गतिविधियों ने कई संभावनाओं के लिए गहरी दिलचस्पी दिखाई है। इस पार्टनरशिप के साथ, हम अपने ग्राहकों के लिए महत्वपूर्ण मूल्य लाने के लिए टेक्नोलॉजी और कस्टमर सर्विस में अपनी विशेषज्ञता का लाभ उठाने के लिए तैयार हैं। हम इन प्रोजेक्ट्स के द्वारा दिए जाने वाले इनोवेटिव सॉल्यूशंस को लेकर उत्साहित हैं।'' जैसा कि वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस अपनी ग्लोबल प्रेजेंस को मज़बूत करना जारी रखता है, हम अत्याधुनिक सॉल्यूशंस देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो अनेक उद्योगों में हमारे ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करते हैं।


कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-रायपुर (छ.ग.)

ऑनलाईन प्रथम बार निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक - 416

क्रमांक 1984/ निविदा/ग्रा.यां. सेवा/2024 रायपुर, दिनांक 19/09/2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) 'द' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र- 'अ' पर दर्शित सिविल कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी दिनांक 01.11.2021 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची पर निविदा दर प्राप्त करने ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 07/10/2024 तक आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | स. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (रू. लाख में | अमानत राशि | फार्म फीस |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 158859 | Zonal Tender (Different Type of Civil Works i.e. but each work not exceeding cost of Rs. 10.00 lakh) at CGRRDA, Vikas Bhawan, Civil Lines, Raipur, Distt.- Raipur (C.G. | 35.00 | 26300 | 1500 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 20/09/2024 से देखी जा सकती है।

टीप :- मैन्युअल दस्तावेज की अंतिम तिथि 09/10/2024 सायं 5.30 तक कार्यपालन अभियंता, ग्रा.यां. सेवा, संभाग रायपुर में पहुंचना अनिवार्य है।

जी - 242502703/1

# विश्व परिवार
## महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, बुधवार 25 सितंबर 2024




## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विश्व फार्मासिस्ट दिवस की दी बधाई

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सभी फार्मासिस्टों को विश्व फार्मासिस्ट दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा विज्ञान और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में फार्मासिस्टों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। वे दवाओं को उपलब्ध कराने, विभिन्न रोगों से निपटने के लिए नई दवाओं के विकास में योगदान देने के साथ दवाओं के कड़े गुणवत्ता नियंत्रण को भी सुनिश्चित करते हैं। उल्लेखनीय है कि विश्व फार्मासिस्ट दिवस हर साल 25 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय फ़ार्मास्युटिकल फ़ेडरेशन की स्थापना की याद में मनाया जाता है।

# संक्षिप्त समाचार

## कनिष्ठ अभियंता (प्रशिक्षु) की सीधी भर्ती दस्तावेजों का सत्यापन 5 अक्टूबर को

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के परिपत्र क्रमांक 01-01/पीडी-तीन/4786, 15 सितम्बर 2023 के तारतम्य में 03 मार्च 2024 को प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसका परीक्षा परिणाम व्यापम द्वारा घोषित कर दिया गया है। कनिष्ठ अभियंता (प्रशिक्षु) के पदों पर सीधी भर्ती (EBJE23) की प्रक्रिया के अगले चरण में 05 अक्टूबर 2024, दिन शनिवार को प्रात: 09 बजे से कार्यालय मुख्य अभियंता (मानव संसाधन), छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड डंगनिया, रायपुर में दस्तावेजों का सत्यापन किया जाना है। दस्तावेजों के सत्यापन हेतु रोल नम्बर की जानकारी, समय सारिणी एवं बुलावा पत्र (कॉल लेटर) पॉवर कंपनी की वेबसाइट cspc.co.in पर शीघ्र अपलोड किया जाएगा, जहाँ से उम्मीदवार अपना बुलावा पत्र (कॉल लेटर) डाउनलोड कर सकते है। यदि किसी उम्मीदवार को बुलावा पत्र (कॉल लेटर) डाउनलोड करने में कोई तकनीकी कठिनाई हो तो वह दूरभाष क्रमांक 0771-2574157 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## अग्रिण बैंक कार्यालय के प्रबंधक सिराज हाईट द्वारा स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में ड्राविंग प्रतियोगिता का आयोजन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** स्वच्छता ही सेवा के विषय- वस्तु में दिनाक 21 सितंबर 2024 को अग्रिण बैंक कार्यालय के प्रबंधक श्री सिराज हाईट द्वारा स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में ड्राविंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे क्लास 1 से लेकर क्लास 10वीं तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस आयोजन में अग्रिम बैंक के प्रबंधक श्री सिराज हाईट ने बच्चों को स्वच्छता के महत्व को बताया एवं स्वच्छता ही सेवा के भाव को अपने जीवन के दिनचर्याओं में उतारने के लिए प्रेरित किया7 बच्चे भी इस प्रतियोगिता में बढ़ ङ्कचढ़ कर हिस्सा लिए एवं सुंदर-सुंदर कलाकृति बनाये। उत्कृष्ट कलाकृति को अग्रिण बैंक कार्यालय द्वारा पुरिस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता में अग्रिण बैंक के प्रबंधक श्री सिराज हाईट, स्टाफ श्री निमेश कुमार, हरीश कुमार पंड्या, विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती जोली साहू, वरिष्ट व्याख्याता श्रीमती सुजाता भटाचार्य एवं विभिन् शिक्षकगंड उपस्थिति थे।

# पहली बार 400 केवी की चालू लाइन में टॉवर शिफ्टिंग, ताकि लाखों लोगों को मिलती रहे निर्बाध बिजली

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कर्मठ कर्मियों ने एक ऐसे चुनौतिपूर्ण कार्य को त्वरित गति से अंजाम दिया है, जिसमें अतिउच्च दाब 400 किलोवाट (केवी) की लाइन को बंद किये बिना ही नया विशालकाय टॉवर लगाया जा रहा है। दरअसल यह कार्य रायपुर-विशाखापट्टनम की नई सिक्सलेन सड़क पर हो रहा है, जिसमें सड़क की ऊंचाई अधिक होने के कारण बिजली टॉवर की ऊंचाई बढ़ानी पड़ रही है। यदि टॉवर लाइन में विद्युत सप्लाई बंद करके काम किया जाता तो बस्तर संभाग सहित धमतरी और बालोद जिले में लगभग एक सप्ताह ब्लैक आऊट करना पड़ता। परन्तु ट्रांसमिशन कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी अपनी सूझबूझ और नवीन तकनीक का इस्तेमाल कर इस कार्य को पूरा करने जा रहे हैं।

ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला सहित इंजीनियरों की टीम ने आज इस कार्य का अवलोकन किया। श्री शुक्ला ने बताया कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने 400 केवी रायता-कुरुद डबल सर्किट (डीसीडीएस) के टॉवर की ऊंचाई बढ़ाने के लिए अनुरोध किया है।

वर्तमान में सड़क से टॉवर लाइन के तार की दूरी 12 मीटर है, जबकि केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के सुरक्षा नियमों के अनुसार सिक्सलेन सड़क में यह दूरी 16 मीटर होनी चाहिए। ऐसे में सुरक्षा को देखते हुए टॉवर की ऊंचाई बढ़ाई जानी है, लेकिन इस टॉवर लाइन से पूरे बस्तर संभाग में एमएमडीसी नगरनार, खनन क्षेत्र सहित छह लाख से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति होती है। इसे बंद किया जाना संभव नहीं था, इसलिए ईआरएस (इमरेंसी रिस्टोरेशन सिस्टम) से चार अस्थायी टॉवर खड़ा करके विद्युत आपूर्ति जारी रखी गई है। उन्होंने बताया कि इसमें लगभग एक किलोमीटर की दूरी में चार अस्थायी टॉवर लगाए गए हैं, जहां यह ईआरएस (अस्थायी टॉवर) लगाया जा रहा है, वह भूमि बहुत ही दुर्गम और दलदली है, जहां काम करना आसान नहीं है, परन्तु ट्रांसमिशन कंपनी के कर्मियों ने यह उल्लेखनीय कार्य किया है।



सफल रहा विद्युत कंपनी का अनूठा प्रयोग ईआरएस

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के बाद यह पहला प्रयोग है जब 400 केवी की चालू लाइन में टॉवर खड़ा किया जा रहा यह कार्य पांच दिन से चल रहा है। इसमें 44 मीटर ऊंचे टॉवर के स्थान पर 52 मीटर ऊंचाई के दो नए टॉवर बनाए जा रहे हैं। दो-तीन दिन में यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इस कार्य में लगभग 11 करोड़ रूपए खर्च हो रहे हैं।

एमडी श्री शुक्ला के साथ कार्यपालक निदेशक सर्वश्री केएस मनोठिया, आरसी अग्रवाल, जी. आनंद राव, अति. मुख्य अभियंता चंद्रकला गिडवानी, अधीक्षण अभियंता वीए देशमुख, आरके तिवारी, करूणेश यादव, यूआर मिर्चे, कार्यपालन अभियंता उमाकांत यादव, सुचेंद्र कुमार उइके, हेमकैलाश साहू, अनिल व्दिवेदी, प्रोबल मिश्रा, सहायक अभियंता पीके तिवारी सहित एनएचएआई व कंस्ट्रक्शन कंपनी शालीमार के अधिकारी उपस्थित थे।

## संवेदनशील शासन आवासहीन परिवारों को पक्की छत देने के लिए है कृतसंकल्पित

**पीएम जनमन योजना अंतर्गत पहाड़ी कोरवा श्रीमती आशा को मिला सपनों का आशियाना**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत् विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के लोगों को अपने खुद के पक्के मकान का सपना पूरा करने में मदद मिली है। बलरामपुर जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोग बड़ी संख्या में निवासरत है। उनका भी सपना है कि खुद के पक्के मकान में अपने परिवार के साथ निश्चिंत होकर जीवन-यापन करें। अपने सपने को पूरा करने के लिये व्यक्ति जी जान से मेहनत करता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल और प्रशासन के माध्यम से पीवीटीजी समुदाय में उनके घरों तक योजनाएं पहुंचायी जा रही है।

पीएम जनमन योजना के तहत वर्ष 2023-24 में जनपद पंचायत राजपुर के ग्राम पंचायत अलखडीहा निवासी पहाड़ी कोरवा श्रीमती आशा को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुई है। श्रीमती आशा की किस्मत रंग लाई जब उन्हें पक्के आवास की स्वीकृति मिली और अब उसे प्रधानमंत्री आवास योजना से खुद का पक्का घर मिल गया है। पक्का घर पाकर वे बेहद प्रसन्न हैं। उन्होंने पुराने दिनों की कठिनाइयों को याद करते हुए बताया कि पहले कच्चे मकान में रहना काफी तकलीफदायक था। मौसम के अनुसार विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ता था, कभी छत टपकती थी तो कभी ठंड से रात भर नींद पूरी नहीं होती थी। अब पक्का मकान मिलने से उनकी ये समस्याएं दूर हो गई हैं। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत् प्रतिमाह 1 हजार रुपए भी मिलता है। श्रीमती आशा ने जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और लाभ पहुंचाने के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया।

## CREDAI के नैशनल कॉन्फ्रेंस 2024 का शुभारंभ सिडनी में



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** सिडनी, ऑस्ट्रेलिया: CREDAI (कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया) का 22वां नैशनल कॉन्फ्रेंस NATCON 2024, आज सिडनी में शुरू हुआ। इस बार की थीम है ELOVATE, INOVATE, INSPIRE, जो रियल एस्टेट सेक्टर में नवाचार और प्रेरणा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चुनी गई है। इस आयोजन में देश-विदेश से लगभग 1200 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं, जो रियल एस्टेट और विकास की नई संभावनाओं पर चर्चा करेंगे।

CREDAI छत्तीसगढ़ से 25 सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल इस कार्यक्रम में भाग ले रहा है। इस टीम का नेतृत्व श्री आनंद सिंघानिया कर रहे हैं, जिसमें विजय नाथानी, संजय रहेजा, रवि फतनानी, श्री रमेश राव, श्री संजय बघेल, राकेश पांडेय, सत्येंद्र अग्रवाल, संजना बघेल, सुनील चंद्राकर, संतोष लोहाना, विजय अग्रवाल, बृजेश साहू सहित अन्य सदस्य शामिल हैं।

NATCON 2024 का उद्देश्य रियल एस्टेट क्षेत्र के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करना और नए विचारों का आदान-प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न देशों से आए प्रतिष्ठित वक्ता अपने अनुभव और ज्ञान साझा करेंगे। इस आयोजन में नई तकनीकों, सतत विकास और उद्योग की चुनौतियों पर विचार-विमर्श होगा।

इस कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य उद्योग को नवीनतम रुझानों और तकनीकों से अवगत कराना है, जिससे रियल एस्टेट क्षेत्र में गुणवत्ता और विकास को बढ़ावा मिल सके। CREDAI का यह आयोजन 26 सितंबर 2024 तक चलेगा, जिसमें अनेक कार्यशालाएँ, पैनल चर्चाएँ और नेटवर्किंग सत्र शामिल हैं।

उम्मीद की जा रही है कि इस सम्मेलन से प्रतिभागियों को न केवल ज्ञान मिलेगा, बल्कि वे नए व्यावसायिक संबंध भी स्थापित कर सकेंगे, जो उनके व्यवसाय के लिए लाभदायक सिद्ध होंगे। NATCON 2024 का यह मंच भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर उत्कृष्टता को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

# रायपुर रेल मंडल में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के आठवें दिन जन भागीदारी बढ़ाने हेतु रेलवे कालोनियों में चलाई गई 'डोर टु डोर' जागरूकता अभियान



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय रेलवे द्वारा इस वर्ष स्वच्छ भारत मिशन के शुभारंभ की 10वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता थीम के साथ %स्वच्छता ही सेवा% 2024 अभियान 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक मनाया जा रहा है। इसी संदर्भ में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के सभी स्टेशनों, रेलवे परिसरों, पटरियों, कार्य क्षेत्रों तथा गाडियों में प्रत्येक दिवसों के थीम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में स्वच्छता ही सेवा अभियान के आठवें दिन, स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता के उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए रायपुर मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों के रेलवे कॉलोनियों में डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनके दैनिक जीवन में स्वच्छता को एक आदत के रूप में स्थापित करना है।

घर-घर जाकर कालोनी के रहवासियों को स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, रिसाइकलिंग की आदतें विकसित करने और व्यक्तिगत स्वच्छता रखने के साथ ही इधर-उधर कचरा नहीं फैलाने, कचरे को डस्टबिन में डालने और अपने घर के आसपास स्वच्छता बनाये रखने का आग्रह किया गया गया। इसके अलावा, स्वच्छता संबंधी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों को भी साझा किया गया, जिससे लोग स्वस्थ और स्वच्छ जीवनशैली अपना सकें। अभियान के दौरान कालोनी वासियों को यह भी बताया गया इसके अलावा मंडल के सभी स्टेशनों में इस अभियान के अंतर्गत रेलवे कालोनियों में घर-घर स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही स्टेशनों के प्लेटफार्म, पटरियों पर श्रमदान कर बेहतर स्वच्छता सुनिश्चित की जा रही है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के नौवें दिन कल दिनांक 25 सितम्बर को स्वच्छ भारत मिशन पर आधारित निबंध, चित्रकारी, पोस्टर पेंटिंग, स्वच्छता प्रश्नोत्तरी, स्वच्छता की पाठशाला जैसे विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किये जाएंगे।

रेलवे प्रशासन आम नागरिकों से भी अपील करता है कि वे इस पहल में सक्रिय योगदान दें और स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाते हुये देश की इस महान स्वच्छता अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## प्रधानमंत्री मोदी के सफल अमेरिका प्रवास पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों की ओर से दी बधाई एवं शुभकामनाएं

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सफल अमेरिका प्रवास और क्वाड के छठवें शिखर सम्मेलन में देश का सशक्त प्रतिनिधित्व करने के लिए छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व कौशल पर हम सभी देशवासियों को गर्व है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का अमेरिका के सफलतम प्रवास और 'क्वाड' के छठवें शिखर सम्मेलन में कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने भारत का सशक्त प्रतिनिधित्व कर देश का नाम विश्व पटल पर और अधिक रोशन किया है। गौरतलब है कि क्वाड की बैठक ऐसे समय हो रही थी, जब दुनिया तनाव और संघर्षों से घिरी हुई है।

## आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जीई रोड, डीडी नगर रोड, भिन्न प्रमुख मार्गों में प्रगतिरत मार्ग सौंदर्यीकरण कार्य की प्रगति का किया निरीक्षण

**आयुक्त के जीई रोड, व्हीआईपी रोड, विधानसभा मार्ग, शंकरनगर, भिन्न प्रमुख मार्गो में किये जा रहे मार्ग सौंदर्यीकरण कार्यो को रायपुर को स्मार्ट राजधानी का स्वरूप देने शीघ्रता से पूर्ण करवाने के निर्देश**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने रायपुर के जीई मार्ग एवं साइंस कालेज के समीप डीडी नगर रोहिणीपुरम गोल चैक मार्ग में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा करवाये जा रहे मार्ग सौंदर्यीकरण कार्य की प्रगति का प्रत्यक्ष निरीक्षण नगर निगम जोन 7 जोन कमिष्नर श्रीमती प्रिती सिंह, कार्यपालन अभियंता श्री सुषील मोडेस्टस एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में किया। आयुक्त ने कार्यो की प्रगति के निरीक्षण के दौरान उसकी समीक्षा करते हुए उन्हें तेज गति से पूर्ण करवाने के निर्देश दिये ताकि शहर को राज्य शासन एवं जिला प्रशासन की लोककल्याणकारी मंशा के अनुरूप शीघ्रता से स्मार्ट राजधानी का स्वरूप मिल सके।

आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने अधिकारियों को जीई रोड एवं डीडी नगर रोड सहित व्हीआईपी रोड, शंकर नगर मार्ग, विधानसभा मार्ग, चांदनी चैक से अंतरराज्यीय बस स्टैण्ड आईएसबीटी रोड सहित अन्य प्रमुख मार्गो में प्रगतिरत मार्ग सौंदर्यीकरण कार्यो को तेज गति से सतत मॉनिटरिंग कर गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश दिये है। इन कार्यों के शीघ्र पूर्ण होने से शहर को स्मार्ट राजधानी की तरह स्वरूप प्राप्त हो सकेगा एवं इन प्रमुख मार्गो से प्रतिदिन हजारो की संख्या में निकलने वाले नागरिको को शहर की सुन्दरता का स्पष्ट अहसास प्राप्त हो सकेगा। आयुक्त ने एक्सप्रेस वे मार्गो एवं केनाल लिंकिंग रोड में प्रगतिरत मार्ग सौंदर्यीकरण कार्यो की प्रगति की जानकारी लेकर उसकी समीक्षा कर उन्हें तेज गति से पूर्ण करने के आवष्यक निर्देष संबंधित अधिकारियों को दिये है।

जीई रोड में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा मार्ग किनारे पाथवे को एक सिरे से दूसरे सिरे तक सुव्यवस्थित सुन्दर स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। वहीं डीडी नगर रोड में मार्ग विभाजको का रंगरोगन करने सहित किनारे सुन्दर आर्ट वर्क करवाया जा रहा है। शंकरनगर मार्ग व्हीआईपी मार्ग विधानसभा मार्ग में मार्ग सौंदर्यीकरण के कार्य तेजी से प्रगति पर है। पचपेडी नाका मार्ग में भी सौंदर्यीकरण का कार्य करवाया जा रहा है।

मार्ग विभाजको को रंगरोगन करवाकर मार्ग विभाजको के मध्य सुव्यवस्थित तरीके से सुन्दरता बिखेरने एवं हरियाली कायम करने एक सिरे से दूसरे सिरे तक पौध रोपण करवाने सहित किनारे के स्थानों की सफाई करवाकर स्थान उपलब्धता अनुसार सुन्दर लैण्ड स्केपिंग का कार्य प्रगति पर है। आयुक्त ने सभी मार्ग सौंदर्यीकरण कार्यो को शीघ्रता से सतत मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्ता युक्त तरीके से पूर्ण करवाना सुनिष्चित करने अधिकारियों को निर्देषित किया है ताकि उक्त नवीन सौंदर्यीकरण कार्यो का नगरवासियों को लंबे समय तक सुव्यवस्थित लाभ प्राप्त हो सके।

## स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया महर्षि चरक सदन का लोकार्पण



**इलाज के आने वाले लोगों को मिलेगी रुकने की व्यवस्था**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया महर्षि चरक सदन का लोकार्पण

स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज अपने निवास कार्यालय में महर्षि चरक सदन का लोकार्पण किया। 30 बिस्तरों का ये सदन लोगों के रुकने और रायपुर में इलाज कराने के लिए तैयार किया गया है। इससे पहले भी स्वास्थ्य मंत्री ने लोगों की सुविधा के लिए हसदेव सदन तैयार करवाया है। हसदेव सदन में 15 लोगों के ठहरने की सुविधा उपलब्ध है। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा की मनेंद्रगढ़ और चिरमिरी जैसे दूर दराज क्षेत्रों से इलाज कराने वाले लोगों को रायपुर में रुक कर इलाज कराना काफी मुश्किल काम है। ऐसे में 15 और 30 बिस्तरों वाले ये दोनो सदन बीमार लोगों और उनके परिजनों को राहत प्रदान करेंगे। कई मरीज ऐसे होते हैं जिन्हें कुछ दिनों के अंतराल में ही चेकअप के लिए आना पड़ता है, लिहाजा रुकने की व्यवस्था होने से उन्हें बार बार आना जाना नही करना पड़ेगा।

## राजकुमार कॉलेज ने प्रतिष्ठित वैश्विक स्कूलों की संस्थाराउंड स्कायर (UK) में आधिकारिक सदस्यता प्राप्त की



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राजकुमार कॉलेज, रायपुर को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि उसने वैश्विक स्कूलों के प्रतिष्ठित समूह राउंड स्कायर (UK) में आधिकारिक सदस्यता प्राप्त कर ली है। राउंड स्कायर विश्व के लगभग 250स्कूलों का प्रतिष्ठित नेटवर्क है, जो यूरोप, अमेरिका, अफ्रीका, दक्षिण एशिया और खाड़ी, ऑस्ट्रेलिया और पूर्वी एशिया के छह महाद्वीपों में फैला हुआ है। इस सदस्यता के माध्यम से राजकुमार कॉलेज को 50 देशों के संस्थानों से जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ है, जो छात्रों को विश्व स्तरीय कार्यक्रमों और वैश्विक क्षमताओं, चरित्र और आत्मविश्वास के विकास के अवसर प्रदान करेगा इस प्रतिष्ठित नेटवर्क में शामिल होकरराजकुमार कॉलेज भारत के कुछ चुनिन्दा स्कूलों जैसे कि द दून स्कूल, मेयो कॉलेज, डेली कॉलेज, द लॉरेंस स्कूल, सनावर और सिंधिया जैसे अन्य प्रतिष्ठित भारतीय स्कूलों की श्रेणी में शामिल हो गया है।

राउंड स्कायर स्कूलों में चरित्र निर्माण और अनुभवात्मक शिक्षा के प्रति गहरी प्रतिबद्धता होती है, जो छह प्रमुख आदर्शों पर केंद्रित होती है- अंतर्राष्ट्रीय वाद, लोकतंत्र, पर्यावरण संरक्षण, एडवेंचर, नेतृत्व और सेवा। इन सिद्धांतों के माध्यम से छात्रों को जिज्ञासा, करुणा, साहस, समस्या-समाधान कौशल और विविधता के प्रति सराहना जैसे महत्वपूर्ण गुणों का विकास करने के लिए प्रेरित किया जाता है।

यह महत्वपूर्ण उपलब्धि राजकुमार कॉलेज सोसाइटी के मैनेजमेंट, शिक्षकों और विद्यार्थियों की अथक मेहनतका परिणाम है। राउंड स्कायर की सदस्यता राजकुमार कॉलेज के लिएनए अवसर और वैश्विक अनुभव लेकर आएगी, जिसे अपनाने के लिए वह हमेशा तत्पर है।


कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर



पलकों का न खुलना
टोसिस PTOSIS का ईलाज
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न | Food Licence
इन्कम TAX फाईल | M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस | डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544



प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354